# भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का 'हल्का विस्तार' किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।




## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# तृणमूल की टूट

तृणमूल कांग्रेस विधायक दल में विभाजन के बाद संसदीय दल में टूट की घटना दीवार पर लिखी एक ऐसी इबारत थी, जिसे कोई भी पढ़ सकता था। इसे सार्वजनिक करने के लिए बस उस दिन को चुना गया, जिस दिन पार्टी की मुखिया ममता बनर्जी 'इंडिया ब्लॉक' की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली में थीं। तृणमूल का यह बिखराव एक राजनीतिक दल में टूट या दलबदल की घटना भर नहीं है, यह हमारी राजनीतिक संस्कृति पर एक निर्मम टिप्पणी भी है कि हमारे बहुत सारे जन-प्रतिनिधि अब सिद्धांतों से नहीं, सिर्फ सत्ता से संचालित होते हैं। चाहे वे दिल्ली की सत्ता से संचालित होते हों या राज्यों की राजधानियों में काबिज सत्ता से और इसके लिए कोई एक दल या पार्टी दोषी नहीं है; जिसे जहां मौका मिला, उसने वहीं राजनीतिक शुचिता और नैतिकता को उसी तरह ताक पर रखा, जैसे तृणमूल के विधायकों और सांसदों ने अभी रखा है। आखिर इसे कैसे जायज ठहराया जा सकता है कि जिस पार्टी के चुनाव-चिह्न पर चंद दिनों पहले जनादेश हासिल किया गया हो, उससे बगावत करके अलग सियासी समूह बना लिया जाए?

तृणमूल में हुई बगावत ने जिस पहलू को गहरे रेखांकित किया है, वह यह कि जिस दल को लंबे समय तक राजनीति करनी है, उसे आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना ही होगा। दुर्योग से आज राष्ट्रीय पार्टियां हों या क्षेत्रीय, उनमें आंतरिक लोकतंत्र लगभग खत्म हो चुका है। असहमति रखने वालों को फौरन बागी समझ लिया जाता है और उसके साथ पार्टी के भीतर भेदभावपूर्ण व्यवहार शुरू हो जाता है। राष्ट्रीय पार्टियों में जहां आलाकमान संस्कृति ने पकड़ मजबूत बना ली है, तो वहीं क्षेत्रीय दल किसी जागीर की तरह चलाए जा रहे हैं। बहुमत की राय के बजाय ज्यादातर फैसले आलाकमान या पार्टी प्रमुख की पसंद से लिए जाते हैं। वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों का संगठन में सम्मान न होने के कारण ही सत्ता से हटते ही एक के बाद दूसरी पार्टियां अब बड़ी टूट की शिकार बन रही हैं। आम आदमी पार्टी के बाद अब तृणमूल में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली कुछ कम दोषी नहीं है। यह छिपी हुई बात नहीं है कि लोकप्रियता के सुनहरे दौर में उन्होंने पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की सलाह को न सिर्फ नजरअंदाज किया, बल्कि नेतृत्व की भूमिका के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं को तैयार करने के बजाय अपनी पसंद के लोगों को तृणमूल पर थोपा। आज जब उनमें से कई बागी गुट के साथ खड़े हैं, तो स्वाभाविक ही ममता के फैसलों पर सवाल उठाए जाएंगे।

**तृणमूल में हुई बगावत ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि जिस भी दल को लंबे समय तक राजनीति करनी है, उसे आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना ही होगा।**

जिस समय तृणमूल कांग्रेस टूट रही थी, ठीक उसी समय मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के विधायकों को भोपाल से दूसरी जगह ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसके पीछे आशंका यह जताई गई कि राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी खरीद-फरोख्त हो सकती है। ओडिशा-बिहार में पिछले राज्यसभा चुनाव में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। जाहिर है, ऐसी घटनाओं से हमारा लोकतंत्र सुर्खरू नहीं होता। जब विधायक और सांसद ही स्वतंत्र अभिव्यक्ति नहीं कर सकते, अपनी मर्जी से मतदान नहीं कर सकते, तो फिर हम किस तरह के लोकतंत्र की पटकथा लिख रहे हैं? इस विषय पर तमाम राजनीतिक दलों ही नहीं, देश की जनता को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत है। नैतिक रूप से प्रतिबद्ध जन-प्रतिनिधि के बगैर एक आदर्श और परिपक्व लोकतंत्र की हम कल्पना नहीं कर सकते।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 10 जून, 1951

## कोरिया में फिर गतिरोध

कोरिया के रणक्षेत्र में एक बार फिर गतिरोध की अवस्था पैदा हो गयी है, किन्तु राजनीतिक वातावरण उसी अनुपात से सजीव हो उठा है। जैसे-जैसे युद्ध का एक वर्ष समाप्त होने को आ रहा है, अमरीकी, संयुक्त राष्ट्रीय तथा अन्य क्षेत्रों की यह धारणा दृढ़ होती जा रही है कि शीघ्र ही युद्ध-विराम के लिए उभय-पक्षों में कोई समझौता हो जायेगा। संयुक्त राष्ट्र संघ के नाम पर लड़ाई में भाग लेने वाले 16 राष्ट्रों की हाल में एक बैठक संयुक्त राष्ट्रीय प्रधान कार्यालय में हुई थी, जिसमें कोरियाई संघर्ष के हल के लिए पांच बुनियादी उद्देश्यों और सिद्धान्तों पर समझौता हो गया बताया जाता है।

यद्यपि उक्त उद्देश्यों की औपचारिक घोषणा नहीं की गयी है, फिर भी वह मान लिया गया है कि संयुक्त राष्ट्रीय सेनाएं 38वें अक्षांश को पार नहीं करेंगी। अन्य बातों में अक्षांश के सहारे एक, संभवतः 20 मील चौड़ा, सैन्यरहित प्रदेश स्थापित करना, उभयपक्षीय सामरिक तैयारियों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय आयोग बनाना, समस्त कोरिया में शांति स्थापित करने से संबंधित समस्याओं पर विचार करने के लिए सब हित-साधक पक्षों का सम्मेलन बुलाना और अंतरिम काल में कोरिया के शासन-प्रबन्ध की बागडोर एक अस्थायी संयुक्त राष्ट्रीय संस्था के हाथ में सौंपना है। समझौते में फारमोसा, संयुक्त राष्ट्र संघ में साम्यवादी चीन का प्रतिनिधित्व आदि प्रश्नों को बिल्कुल ही टाल दिया गया है। अतः ऐसी दशा में पेकिंग की प्रतिक्रिया अनुकूल हो सकेगी, इसमें सन्देह ही है।

यहां हमें यह भी स्मरण रखना चाहिए कि अमरीकी परराष्ट्र मंत्री श्री डीन अचेसन ने गत सप्ताह संयुक्त सिनेट समिति के सामने जनरल मैकार्थर की बरखास्तगी पर विचार प्रकट करते हुए कहा था कि अमरीका 38वें अक्षांश पर रुकने को तैयार हो सकता है। किन्तु रण-क्षेत्र से जो समाचार प्राप्त हो रहे हैं, उनसे पता चलता है कि दोनों पक्ष एक बार फिर जोर-आजमाइश के लिए तैयारियां कर रहे हैं। शुक्रवार को अमरीकी रक्षा मंत्री जनरल मार्शल का आकस्मिक रूप से कोरिया पहुंचना और चोटी के सैनिक नेताओं से विचार-विमर्श करना भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अनेक क्षेत्रों में खयाल किया जा रहा है कि यह यात्रा एक और संयुक्त राष्ट्रीय आक्रमण की भूमिका है।

# सामूहिक सोच और स्वप्न का समय



यहां स्कैन करें

नितिन नवीन | राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के ये 12 साल सुशासन और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं। अगले 21 वर्ष उनके 'विकसित भारत' के लक्ष्य हासिल करने के होंगे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की सत्ता में विश्वास, विकास और जन-कल्याण को समर्पित अपने 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 'संकल्प से सिद्धि' का यह गौरवशाली कालखंड देश के विकास, आर्थिक सशक्तीकरण, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि का साक्षी रहा है।

कांग्रेस देश को अनिश्चितता, भ्रष्टाचार व कमजोर नेतृत्व की विरासत देकर गई थी, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मविश्वास, सुशासन और विकास की नई पहचान दी है। आज दुनिया भारत को एक क्षेत्रीय ताकत नहीं, बल्कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री के लिए राजनीति 'परिवार नहीं, राष्ट्र प्रथम' और 'सत्ता नहीं, सेवा प्रथम' का मार्ग रही है। अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के इतिहास को देखें, तो उनकी सफलता के पीछे जो एक मूलमंत्र नजर आता है, वह है उस राष्ट्र का 'सामूहिक स्वप्न'। भारत के संदर्भ में, वर्ष 2014 में पहली बार सवा सौ करोड़ की विशाल जनता को इस सामूहिक चेतना के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया।

देश को पहला ऐसा नेतृत्व मिला है, जो एक प्रधान सेवक के भाव से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के महासंकल्प को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। साल 2014 में उन्होंने पहले राष्ट्र को एक सामूहिक सोच दी, फिर जन-विश्वास के बल पर उस सोच को सामूहिक संकल्प में बदला और आज वही संकल्प विकसित भारत के रूप में एक विराट सामूहिक स्वप्न का रूप ले चुका है। इस महापरिवर्तन की शुरुआत बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व क्रांति से हुई। साल 2014 से पहले भारत बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था। आज जमीनी स्तर पर बदलाव का परिणाम है कि देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बने, लगभग शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हुआ, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क सात गुना बढ़ा और हवाईअड्डे 74 से बढ़कर 160 हो गए।



यह कालखंड मानसिक गुलामी से वास्तविक मुक्ति का साक्षी है। लोक कल्याण मार्ग, कर्तव्य पथ व सेवा तीर्थ का नामकरण और योग की वैश्विक लोकप्रियता इसके प्रमाण हैं। एक समय था, जब देश के शीर्ष नेतृत्व ने तत्कालीन 54 करोड़ की आबादी को बोझ माना था, पर प्रधानमंत्री मोदी मानते हैं कि 140 करोड़ देशवासी भारत की विकास-गाथा की सबसे मजबूत कड़ी हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प को पूरा करते हुए अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए निरस्त किया। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर उन्होंने नक्सलवाद व आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई। कोरोना काल में 220 करोड़ से अधिक मुफ्त वैक्सीन डोज व 'वैक्सीन मैत्री' ने विश्व स्तर पर उभरते भारत की क्षमता का परिचय दिया।

आज का भारतीय युवा 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब गीवर' बन रहा है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप और 125 से ज्यादा यूनिकॉर्न के साथ भारत 'मैनपावर' से 'मैन्युफैक्चरिंग पावर' की ओर बढ़ रहा है। इसी प्रकार, देश महिला विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का साक्षी बन रहा है, जहां तीन करोड़ से अधिक लखपति दीदियां और सुरक्षा बलों में महिला अधिकारियों की चार गुना वृद्धि नारी-शक्ति के स्वावलंबन को दर्शाती है।

गरीब कल्याण के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं ने वंचितों के दुश्चक्र को गुणात्मक चक्र में बदल दिया है, जिससे 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। चार करोड़ पक्के घर, 60 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कवच और पीएम मुद्रा योजना के तहत 40 लाख करोड़ रुपये का कोलेटरल-फ्री लोन इसका आधार बना। डिजिटल क्रांति ने 'एक रुपये में से सिर्फ 15 पैसे पहुंचने' के पुराने दौर को समाप्त कर डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे गए।

जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी और यूपीआई के जरिये आज 314 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक डिजिटल लेन-देन हो रहा है, जो वैश्विक स्तर का 49 प्रतिशत है। इसी तरह, प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए भारत ने स्वच्छ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम और सौर क्षमता को 110 गीगावाट से अधिक पहुंचाकर हरित धरती के संकल्प को सिद्ध किया है।

आज देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। कभी देश के अंतिम गांव कहे जाने वाले ये क्षेत्र आज भारत के प्रथम गांव के रूप में नई पहचान पा चुके हैं। इसके साथ ही आज भारत की सैन्य क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और हमारी सेनाएं अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित हैं। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल महालोक का जीर्णोद्धार हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उस सभ्यतागत चेतना का पुनर्जागरण है, जो प्रधानमंत्री के मूलमंत्र 'विकास भी, विरासत भी' को पूरी सार्थकता से साकार कर रहा है।

पिछले 12 वर्षों में देश के सोचने का नजरिया बदला है। आज के भारत का मिजाज ऐसा है, जहां 'इंटरप्रेन्योर' बनना एक ट्रेंड है, और 'वोकल फॉर लोकल' से लेकर 'मेक इन इंडिया' को अपनाना हर नागरिक का फैशन बन चुका है। आज देश में आध्यात्मिक पर्यटन का एक नया उभार दिख रहा है और सबसे महत्वपूर्ण बात, राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ सामूहिक संकल्प को पूरा करना देश का मानस बन चुका है। इन तमाम सकारात्मक बदलावों के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका एक 'ट्रेंड सेटर' की रही है।

आज भारत न केवल आंतरिक रूप से निरंतर सशक्त हो रहा है, बल्कि वैश्विक पटल पर भी एक महाशक्ति के रूप में तेजी से उभरा है। जब हमारे प्रधानमंत्री को विश्व के 32 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त होता है, तब यह वास्तव में उस सनातन भारतीय सोच और 140 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ का सम्मान है। यही कारण है कि आज विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री की उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे भारत के लोगों ने अटूट विश्वास और संकल्पित भाव से आत्मसात किया है।

सरकार के ये 12 वर्ष जहां सेवा, सुशासन और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं, वहीं अगले 21 वर्ष 'विकसित भारत @ 2047' के परम लक्ष्य को हासिल करने की यात्रा होंगे। इस अमृतकाल में हम सभी देशवासी मिलकर एक सशक्त, समृद्ध, सुरक्षित, स्वावलंबी, समर्थ और समरस भारत के सामूहिक स्वप्न को अवश्य साकार करेंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लीची और जर्दालू आम से नई पहचान बनाते किसान



यहां स्कैन करें

रविशंकर उपाध्याय | व्यंजन विशेषज्ञ

आम और लीची ऐसे दो फल हैं, जिनका गर्मियों में हम बेसब्री से इंतजार करते हैं। बिहार न केवल बेहतरीन किस्मों के आम, बल्कि अपनी शाही लीची के स्वाद के कारण पूरे देश में जाना जाता है। यह इस राज्य के लिए सुखद पहलू है कि भागलपुर का जर्दालू आम और मुजफ्फरपुर की शाही लीची को विशिष्ट उत्पादों का टैग यानी जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग) मिला हुआ है। इन दोनों फलों ने वैश्विक निर्यात में सफलता पाकर किसानों की जीवन में मिठास घोली है।

जर्दालु आम की विशेषता है कि इसका फल मध्यम आकार में हल्के पीले रंग का होता है। यह भरपूर रस और विशेष सुगंध के कारण बेहद प्रसिद्ध है। 2006 से भागलपुर का जर्दालू आम सौगात के रूप में देश के राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, कृषि मंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, दिल्ली के मुख्यमंत्री सहित अति विशिष्ट अतिथियों को भेजा जाता रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023-24 में बिहार से आम का निर्यात 1,203.19 मीट्रिक टन रहा। 2024-25 में यह 2,234.08 मीट्रिक टन हो गया। वर्ष 2025-26 में बिहार से 1,517.25 मीट्रिक टन आम का निर्यात दर्ज किया गया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बिहार का आम निर्यात मजबूत स्थिति में है।

**बिहार कृषि-आधारित निर्यात में लीची और आम के माध्यम से पहचान बना रहा है। निर्यात मूल्य और मात्रा में राज्य ने अहम योगदान दिया है।**

लीची की बात करें, तो यह उत्तराखंड के रामनगर, काशीपुर, देहरादून और पंजाब के उधमसिंह नगर व पठानकोट में भी उपजाई जाती है, लेकिन बिहार की शाही लीची सबको खास तौर पर पसंद होती है। देश में सबसे बढ़िया किस्म की लीची बिहार के मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, वैशाली और समस्तीपुर जिलों के बागानों की सौगात है। इस वर्ष तो किसानों को बाग में ही प्रति किलो 100 रुपये से अधिक की कीमत मिल रही है, जो अब तक की सर्वाधिक दर है। दुनिया के विभिन्न देशों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स संचालित करने वाले कई समूह भी इस वर्ष यहां खरीदारी करने पहुंचे हैं और पिछले 20-25 दिनों से वे खाड़ी देशों के साथ अन्य देशों के मॉल में रोज 700 किलो औसत भेज रहे हैं। इसके अलावा स्क्वैश से लेकर अन्य पेय पदार्थ बनाने वाली कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी लीची को अभी से खरीदकर संरक्षित कर रही हैं। लीची के दूधिया सफेद भाग में विटामिन-सी पाया जाता है। इसमें कैल्शियम के साथ-साथ प्रोटीन, खनिज पदार्थ, फास्फोरस आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जिस कारण इसका उपयोग स्क्वैश, कार्डियल, सिरप, रस, लीची नट्स बनाने में होता है।

बिहार लीची उत्पादक संघ के पदाधिकारियों की मानें तो जलवायु परिवर्तन ने दुश्वारियां लाई है, लेकिन उम्मीद है कि सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के कारण उत्पादन का आंकड़ा मौसम की समाप्ति तक पिछले साल के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। वे कहते हैं कि मई में औसत तापमान 37-38 डिग्री सेल्सियस रहता था, लेकिन इस वर्ष तो 40 डिग्री सेल्सियस तक रहा और बेमौसम बारिश भी हुई, इस कारण फसल की हालत उतनी अच्छी नहीं है। इसके साथ ही प्रसंस्करण की चुनौतियों के कारण संरक्षण भी और मुश्किल होता जा रहा है। एपीडी की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बावजूद वर्ष 2021-22 में बिहार से विदेश में लीची का निर्यात 12.1 मीट्रिक टन हुआ। 2022-23 में यह बढ़कर 361.91 मीट्रिक टन हो गया। वहीं वर्ष 2023-24 में 550.37 मीट्रिक टन और वर्ष 2024-25 में 448.25 मीट्रिक टन लीची का निर्यात हुआ। वर्ष 2025-26 में 353.87 मीट्रिक टन लीची का निर्यात दर्ज किया गया। अगर इसकी प्रसंस्करण इकाइयां पैकेजिंग संस्थान के साथ मिलकर काम करें, तो लीची उत्तर बिहार के छह जिलों के किसानों की जिंदगी में खुशियां भर देगी।

जाहिर है, बिहार कृषि-आधारित निर्यात में विशेष रूप से लीची और आम के माध्यम से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। निर्यात मूल्य और मात्रा, दोनों में बिहार ने लगातार उल्लेखनीय योगदान दिया है, जो राज्य की कृषि, बागवानी और निर्यात-क्षमता को मजबूत करता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# अध्यात्म और विज्ञान

मनुष्य की वास्तविक भूख रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने से नहीं मिटती, उल्टे वह मन में भ्रम और संशय पैदा कर देती है। मनुष्य की जिज्ञासा ने सदियों से संसार के रहस्यों को जानने का प्रयास किया है।

इतिहास साक्षी है, हर युग का वैज्ञानिक अपने समय की धारणाओं को चुनौती देता रहा है। जो सिद्धांत कभी अटल माने जाते थे, वे बाद में बदल गए। लोग अपने समय के वैज्ञानिकों को महानतम बुद्धिजीवी मानते हैं, पर उनकी खोजें भी स्थायी नहीं रहतीं। दो-तीन सौ वर्षों बाद वही सिद्धांत पुराने और अपूर्ण लगने लगते हैं। यह भौतिक विज्ञान की स्वाभाविक विशेषता है। उसका मार्ग विश्लेषणात्मक है। वह चीजों को खंडित करके और परखकर सत्य तक पहुंचने के प्रयास करता है। इसलिए उसमें निर्माण और विनाश का क्रम चलता रहता है।

यहीं पर भौतिक और आध्यात्मिक दर्शन के बीच का मूल अंतर स्पष्ट होता है। भौतिक विज्ञान का दृष्टिकोण विश्लेषणात्मक है, आध्यात्मिक दर्शन का मार्ग समन्वय व एकत्व का है। वैज्ञानिक जब किसी पुराने सिद्धांत को गलत सिद्ध करता है, तो वह विज्ञान के स्वभाव के अनुरूप ही कार्य करता है। इस प्रक्रिया ने मानव जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं- चिकित्सा, तकनीक, संचार और आधुनिक जीवन की अनगिनत उपलब्धियां इसी संघर्ष और संशोधन का परिणाम हैं।

जब दर्शन केवल तर्क का खेल बन जाता है, तब स्थिति बदल जाती है। कुछ दार्शनिक केवल तर्कों के जाल में उलझ जाते हैं। कभी वे पदार्थ व विचार के संबंध को समझने की कोशिश करते हैं, तो कभी कल्पना की अंधी गलियों में भटकने लगते हैं। ऐसे में, वे मनुष्य की वास्तविक भूख, यानी शरीर, मन और आत्मा की शांति को तृप्त नहीं कर पाते, उलटे संशय पैदा कर देते हैं।

तांत्रिक परंपरा ने ऐसे तर्कप्रधान दर्शन को 'लोकव्यामोहकारक' कहा है, अर्थात ऐसा विचार, जो लोगों के मन में भ्रम और मानसिक अशांति पैदा करे। केवल तर्क के सहारे जीवन का संपूर्ण सत्य नहीं पाया जा सकता। तर्क दिशा दे सकता है, पर अंतिम अनुभूति नहीं। इसके विपरीत आध्यात्मिक दर्शन का आधार एकत्व और अनुभव है। आध्यात्मिक साधक विभाजन नहीं, बल्कि समन्वय की ओर बढ़ता है। आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ने वाले महापुरुष एक-दूसरे की अनुभूतियों को नष्ट नहीं करते। वे पूर्व अनुभवों को अस्वीकार करने के बजाय उनमें अपनी अनुभूति का प्रकाश जोड़ते हैं। जैसे अनेक दीपक मिलकर अधिक उजाला फैलाते हैं, वैसे ही आध्यात्मिक अनुभव एक-दूसरे को समृद्ध करते हैं।

**आध्यात्मिक साधक पूर्व के अनुभवों को अस्वीकार करने के बजाय उनमें अपनी अनुभूति का प्रकाश जोड़ते हैं, ठीक वैसे ही, जैसे अनेक दीपक मिलकर अधिक उजाला फैलाते हैं।**

विज्ञान व अध्यात्म, दोनों मनुष्य के लिए जरूरी हैं। विज्ञान बाहरी संसार को समझने का साधन है, जबकि आध्यात्मिकता भीतर के संसार को जानने का मार्ग।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

कैलाश सत्यार्थी | नोबल विजेता



**करुणा को नाजुक भावना, मानवीय गुण या धार्मिक मूल्य मानने के बजाय, गतिशील और परिवर्तनकारी शक्ति मानने की नई परिभाषा को गहराई से समझना जरूरी है। करुणा को मापने की नई विधि पर काम होना चाहिए।**

# समावेशी संस्कृति के खिलाफ ऐसे आंदोलन

संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की अवधारणा अक्सर *वसुधैव कुटुंबकम* के रूप में व्यक्त की जाती है, एक गहन दार्शनिक यथार्थवादी आदर्श है। यह अवधारणा सभी जातियों, संस्कृतियों और धार्मिक मान्यताओं में एकता, शांति और करुणा पर बल देती है। *महोपनिषद्* जैसे प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में निहित भारत ही *वसुधैव कुटुंबकम* का ऐतिहासिक और दार्शनिक केंद्र है। यह सभ्यतागत लोकाचार राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान और वैश्विक सहयोग के प्रति हमारे दृष्टिकोण को परिभाषित करता है, किंतु लगता है कि आज का भारत प्राचीन भारत के समान सहिष्णु नहीं रह गया है। हरिद्वार में जो कुछ हो रहा है, यह इसका ज्वलंत उदाहरण है।

वास्तव में, पिछले एक दशक में हमारे समाज को धर्म के नाम पर खूब बांटा गया है। हम क्या खाएंगे, कहां खाएंगे और कब खाएंगे, यह निर्णय भी सरकारें ले रही हैं। हद तो यह है कि 2027 के कुंभ स्नान की तैयारियों के दौरान कुछ साधु-संतों द्वारा फारसी नामों से जुड़े व्यंजनों पर आपत्ति जताने के बाद हरिद्वार में दुकानदारों को अपना साइनबोर्ड बदलना पड़ रहा है। वहां यह सुनिश्चित करने का अभियान शुरू किया गया है कि शाकाहारी बिरयानी बेचने वाले दुकानदार उसे 'शाकाहारी पुलाव' कहें। इसका उद्देश्य इस लोकप्रिय व्यंजन को उसके इस्लामी जड़ से अलग करना है, लेकिन विरोध करने वाले शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि वे जिस 'पुलाव' की बात कह रहे हैं, वह शब्द भी मूलतः फारसी का है। 'वेज बिरयानी' लिखे बैनर या साइनबोर्ड के खिलाफ शुरू किए गए इस आंदोलन से यही सवाल मन में उठता है कि क्या सच में हमारे देवी-देवता भाषा के प्रति इतने भावुक हैं कि उन्हें उर्दू और फारसी शब्द सुनना बिल्कुल भी पसंद नहीं है? जबकि फारसी और उर्दू के शब्द कुछ इस तरह से हिंदी में घुल-मिल गए हैं कि आज अगर कोई उन्हें अलग करने को कहेगा, तो यह काम शायद नामुमकिन ही माना जाएगा। कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन भाषाविदों का मानना है कि रोजमर्रा की 'हिन्दुस्तानी' जुबान में (बोलचाल की हिंदी और उर्दू) में फारसी और अरबी मूल के लगभग 5,500 मुख्य शब्द शामिल हैं।

ऐसे में, क्या यह अच्छा नहीं होता कि ऐसे आंदोलनों के बजाय बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और जनता की रोजमर्रा की समस्याओं पर चर्चा की जाती? हम दैनिक जीवन में फारसी और उर्दू के कई शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। यह सांस्कृतिक एकता के कारक है, इसलिए सामाजिक ताने-बाने को छेड़ने का मतलब नहीं है। इससे बेवजह का विवाद पैदा होगा।

**जंग बहादुर सिंह,** टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### बिरयानी बनाम पुलाव




# सनातनियों की भावना का ख्याल रखना चाहिए

हरिद्वार की पहचान एक धर्मनगरी की है। यह सनातन धर्मावलंबियों के लिए तीर्थ के समान है। यहां अगर 'बिरयानी' जैसे नामों को लेकर साधु-संतों को आपत्ति है, तो उनका सम्मान क्यों नहीं होना चाहिए? किसी-न-किसी भावनावश ही नाम बदलने का आग्रह दुकानदारों से किया जा रहा है और अच्छी बात है कि वे साधु-संतों की भावना समझ भी रहे हैं और बिरयानी की जगह 'पुलाव' शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। धर्मनगरी के दुकानदारों को कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोग फिजूल का बखेड़ा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी योजना सफल नहीं होगी। साधु-संतों का यह कहना गलत नहीं कि बिरयानी शब्द आमतौर पर मांसाहारी व्यंजन से जुड़ा माना जाता है और हरिद्वार में मांसाहार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसीलिए बिरयानी जैसे शब्द हरिद्वार जैसी पवित्र नगरी की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं के अनुरूप नहीं हैं। यही कारण है कि साधु-संतों ने स्थानीय दुकानों और ठेलों पर लगे वेज बिरयानी के बोर्डों पर 'वेज पुलाव' के स्टिकर चिपकाने शुरू किए, जिसका दुकानदारों ने भी स्वागत किया है। संत समाज के लोग विभिन्न बाजारों में जा रहे हैं और खाने-पीने के बोर्डों पर नाम बदलने का आग्रह कर रहे हैं। वे न तो किसी तरह की हिंसा करते हैं और न ही कोई जोर-जबर्दस्ती। वे सिर्फ दुकानदारों से आग्रह करते हैं। क्या इस तरह अपनी भावना व्यक्त करना अपराध है? अगर नहीं, तो फिर इस बहस का भला क्या मतलब?

**हृतेश मिश्र,** टिप्पणीकार

**एक** खास तबके के लोग सनातन धर्म को निशाने पर लेने का कोई मौका नहीं चूकना चाहते। अब हरिद्वार का ही मामला लें। संत समाज के कुछ लोगों ने 'बिरयानी' शब्द पर आपत्ति जताई। उनका कहना जायज है कि जब तीर्थनगरी होने के कारण हरिद्वार में कुछ चीजों की मनाही है, तो उनसे जुड़े नामों का प्रयोग क्यों होना चाहिए? इसी कारण उन्होंने 'बिरयानी' की जगह 'पुलाव' शब्द का उपयोग करने की बात कही। यह बहुत सामान्य सी बात है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे इस तरह पेश किया जा रहा है, मानो संत समाज ने कोई बड़ा अपराध कर दिया है और वे लाठी-डंडों के साथ जबरिया नाम बदलवा रहे हैं। हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। सब कुछ शांतिपूर्वक हो रहा है। सिर्फ दुकानदारों से आग्रह किया जाता है और उनमें से अधिकतर इसे मान लेते हैं। यह सब कुछ स्वेच्छा से हो रहा है, जबर्दस्ती से नहीं। इसलिए इसको लेकर विवाद नहीं खड़ा करना चाहिए। ऐसा करने वाले लोग अपनी हरकतों से बाज आएं।

**अमृतेश,** टिप्पणीकार

दैनिक जागरण
अराजकता अनुशासन के अभाव का परिणाम है

# पाकिस्तान की बर्बरता

यह अच्छा हुआ कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के लोगों पर पाकिस्तानी सेना के दमन चक्र का संज्ञान लिया। ऐसा किया जाना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी के चलते 30 लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त तमाम लोगों को गिरफ्तार कर जेलों में ठूंस दिया गया है, ताकि असंतोष की आग किसी तरह शांत हो, लेकिन वह और भड़क रही है। इसका कारण पाकिस्तान सरकार की वहां के लोगों से की गई वादाखिलाफी है। पिछले वर्ष अक्टूबर में मुजफ्फराबाद समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने वहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के जो वादे किए थे, वे खोखले ही साबित हुए। वहां के लोगों का धैर्य इसलिए जवाब दे गया है, क्योंकि महंगाई बढ़ने के साथ बुनियादी सुविधाओं का अभाव बढ़ रहा है। यह पहली बार नहीं, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले इस भारतीय भूभाग के लोगों ने अपनी उपेक्षा और दुर्दशा से त्रस्त होकर बगावती तेवर दिखाए हों। वे पहले भी ऐसा करते रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें प्रताड़ना ही मिली है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले इस भारतीय हिस्से के संसाधनों का दोहन तो करता है, लेकिन वहां के लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध कराता। भारत को तंग करने के लिए जब-तब कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान अपने हिस्से के लोगों का जैसा उत्पीड़न करने में लगा हुआ है, उसकी मिसाल मिलना कठिन है।

निःसंदेह केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि भारत गुलाम जम्मू-कश्मीर के बिगड़ते हालात पर चिंता जताए। उसके लिए ऐसे कदम उठाना भी आवश्यक है, जिससे वहां की चिंताजनक स्थितियों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय गंभीरता से ध्यान दे। यह ठीक है कि ब्रिटेन के 50 सांसदों ने वहां के लोगों के खिलाफ जारी अत्याचार पर चिंता जताई, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यूरोपीय समुदाय के देश और विशेष रूप से अमेरिका मौन है? इन देशों का मौन यही बताता है कि वे किस तरह मानवाधिकारों के बर्बर उल्लंघन पर दोहरे रवैये का परिचय देते हैं? भारत का हित इसी में है कि विश्व समुदाय इससे भली तरह परिचित हो कि इस भारतीय क्षेत्र पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। इससे ही पाकिस्तान दबाव में आएगा और भारत का अपने इस भूभाग पर दावा मजबूत होगा। भारत को गुलाम जम्मू-कश्मीर पर अपना दावा मजबूत करने के लिए इसलिए और अधिक सक्रिय होना होगा, क्योंकि इस क्षेत्र पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे के कारण ही भारत की अफगानिस्तान तक सीधी पहुंच स्थापित नहीं हो पा रही है। भारत को संसद में पारित प्रस्ताव के अनुरूप इसके प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा कि वह अपने इस हिस्से को हासिल करने और अपनी सीमा अफगानिस्तान तक ले जाने को लेकर गंभीर है।

# सफर में सावधानी जरूरी

मानसून की आहट के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा और अन्य मार्गों पर सफर जोखिमपूर्ण होता जा रहा है। हल्की सी वर्षा में दुश्वारियां खड़ी होने लगी हैं। हालांकि, अभी चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में तीर्थयात्री दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड में अभी मानसून ने दस्तक नहीं दी है, लेकिन प्री-मानसून बौछारों का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही यात्रा मार्गों पर भूस्खलन जोन सक्रिय हो गए हैं। कई जगह नए भूस्खलन उभर आए हैं। चारधाम यात्रा मार्गों पर करीब डेढ़ सौ ऐसे स्थल चिह्नित किए गए हैं। केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लगभग दो दर्जन स्थल सफर की दृष्टि से खतरनाक बने हुए हैं। यात्रा मार्गों पर आए दिन पहाड़ों के दरकने और मलबा-पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो जानलेवा भी साबित हो रही हैं। आने वाले दिनों में मानसून सक्रिय होगा और दो-ढाई महीने तक यह क्रम चलने का अनुमान है। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में सफर अपेक्षाकृत कम सुरक्षित माना जाता है। ऐसे में बेहद सावधानीपूर्वक यात्रा करने की जरूरत है। कोई भी जोखिम लेने से बचना चाहिए। मसलन, वर्षा वाले दिन यात्रा करने से न केवल बचें, बल्कि सुरक्षित पड़ावों पर ही प्रवास करें। रात के समय यात्रा न करना ही बेहतर रहेगा। वैसे तो रात दस बजे से सुबह चार बजे तक वाहनों के संचालन की मनाही है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग इस व्यवस्था का पालन नहीं करते हैं।

**पहाड़ी मार्गों पर सुरक्षित सफर के लिए जन और तंत्र दोनों के स्तर पर सजगता की जरूरत है**

# भरोसे की कसौटी पर खरे मोदी



नीतीश कुमार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह सुनिश्चित करने पर जोर देते हैं कि शासन का परिणाम नागरिकों के लिए वास्तविक लाभ में बदले**



अवधेश राजपूत

भारत जैसे विशाल और प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र में जनता का भरोसा जीतना कठिन होता है और इसे बनाए रखना और भी कठिन, फिर भी कड़ी प्रतिद्वंद्विता और जनता की सख्त कसौटी के बावजूद नरेन्द्र मोदी जनता के विश्वास को बनाए रखने में सफल रहे हैं। वैसे तो हम दोनों भौगोलिक रूप से भारत के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन उसी पीढ़ी के साझा प्रतिनिधि भी हैं, जिसकी राजनीतिक चेतना आपातकाल से प्रभावित हुई थी। हमने लोकतांत्रिक स्वतंत्रता पर हुए हमले को अपनी आंखों से देखा और उस आंदोलन में भाग भी लिया, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करना था। उस संघर्ष ने सार्वजनिक जीवन और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में हमारी समझ को आकार दिया।

दशकों तक यह धारणा रही कि देश के सर्वोच्च पद कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों या प्रभावशाली राजनीतिक परिवारों में जन्म लिए लोगों के लिए आरक्षित हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस धारणा को चुनौती दी। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर देश के सर्वोच्च निर्वाचित पद तक पहुंचने वाले मोदी करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी सफलता गाथा इस विश्वास को और दृढ़ करती है कि एक जीवंत लोकतंत्र में संकल्प, कड़ा परिश्रम और क्षमताएं तमाम बाधाओं को धता बताते हुए व्यक्ति को शिखर पर सुशोभित कर सकती हैं। उनकी सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि न होकर भारतीय लोकतंत्र की शक्ति एवं खुलेपन का भी जीवंत प्रमाण है।

डा. लोहिया, जेपी और कई अन्य महान समाजवादी नेताओं के अनुयायी के रूप में मैंने हमेशा राजनीति को लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के साधन के रूप में देखा है। लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने और उनके लिए एक गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना किसी भी राजनेता की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस लिहाज से पीएम मोदी का रिकार्ड शानदार रहा है। उनके नेतृत्व में राजग सरकार के दौरान 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकालना संभव हो सका है। उनकी सरकार में शौचालय, बैंक खाते, घर, गैस कनेक्शन, नल से जल आपूर्ति, स्वास्थ्य बीमा कवरेज तथा अनेक मूलभूत आवश्यकताएं करोड़ों लोगों तक पहुंची हैं। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों, अत्यंत पिछड़े वर्गों, महिलाओं, गरीब परिवारों और विकास कार्यक्रमों के पहली पीढ़ी के लाभार्थियों के एक बड़े वर्ग ने अब खुद को भारत की विकास गाथा में सक्रिय भागीदार के रूप में देखना शुरू कर दिया है। युवाओं को विशेष योजनाओं के माध्यम से उद्यमिता के नए अवसर मिले हैं। इन समूहों को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में लाना सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण उत्प्रेरक रहा है।

महिलाओं के कल्याण और सम्मान को समर्पित मोदी सरकार की कई योजनाओं से महिलाओं को सीधे तौर पर लाभ हुआ है और उनका जीवन सुगम हुआ है। बिहार में मेरा अपना अनुभव रहा है कि जब महिलाओं को विकास कार्यों के केंद्र में रखा जाता है तो समाज तेजी से प्रगति करता है। कोई आश्चर्य नहीं कि बिहार में हमारे जीविका प्रयोग की सफलता की चर्चा अब दुनिया भर में हो रही है। वर्षों तक मुख्यमंत्री रहने के नाते मैं जानता हूं कि योजनाओं के लाभ को वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री मोदी यह सुनिश्चित करने पर जोर देते हैं कि शासन का परिणाम नागरिकों के लिए वास्तविक लाभ में बदले। चाहे कल्याण योजनाएं हों, अवसंरचना विकास हो या सार्वजनिक सेवा वितरण, उन्होंने हमेशा दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित किया है। जब सरकारी लाभ लोगों तक अधिक प्रभावी ढंग से और बिना किसी रिसाव के पहुंचते हैं तो संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास मजबूत होता है। यह विश्वास प्रधानमंत्री के नागरिकों के साथ निरंतर जुड़ाव और संवाद से और मजबूत हुआ है, जिससे सरकार और लोगों के बीच मजबूत संबंध को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

मैंने हमेशा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता के दृष्टिकोण को अपनाया है और उसका समर्थन किया है। पीएम मोदी की जिन खूबियों ने उन्हें लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया है, उनमें से एक है बेदाग रिकार्ड और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका मजबूत रुख। भारतीय राजनीति में ऐसे विरले ही नेता हुए हैं, जिन्होंने दशकों तक सत्ता के शीर्ष पर रहते हुए अपने दामन पर कोई दाग नहीं लगने दिया। उन्होंने कानूनी प्रक्रिया के जरिये भ्रष्ट तंत्र पर कार्रवाई की इच्छाशक्ति भी दिखाई है। पीएम मोदी के कार्यकाल की एक खास बात यह भी रही कि वैश्विक मंच पर भारत का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि आज दुनिया भारत को उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक यात्रा में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबा और सफल कार्यकाल भी शामिल है। वे जल्द ही चुनी हुई सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार सेवा के 25 वर्ष पूरे कर लेंगे। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इस अनुभव ने उन्हें राज्यों की जरूरतों और उनका समर्थन करने के महत्व की गहरी समझ दी है। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सहकारी संघवाद के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री के रूप में मेरा अपना यह अनुभव रहा कि उन्होंने राजनीतिक परिस्थितियों की परवाह किए बिना बिहार के विकास के लिए समर्थन दिया। प्रधानमंत्री मोदी के मन में बिहार की विशिष्ट संस्कृति और परंपराओं के प्रति बहुत सम्मान है।

प्रभावी नेतृत्व के लिए निरंतर प्रयास, अथक परिश्रम और अनुशासन की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री मोदी की अथक ऊर्जा और अनन्य समर्पण ने ही इतने लंबे समय तक उनके प्रति जनता का व्यापक भरोसा बनाए रखने में मदद की है। वे भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने की उपलब्धि तक पहुंच चुके हैं। यह उनके सार्वजनिक जीवन में योगदान का जश्न मनाने और उन्हें ऐसी और उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देने का अवसर है।

(लेखक राज्यसभा सदस्य और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं)
response@jagran.com

# सरकारी तंत्र में भटकती जवाबदेही



राजीव सचान

**किसी बड़ी गलती-गड़बड़ी या दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कुछ न होना जन भावनाओं की अनदेखी है**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा के मूल्यांकन में गड़बड़ी के बाद जब केंद्र सरकार ने इस संस्था के चेयरमैन राहुल सिंह को उनके पद से हटाया तो ऐसा लगा कि अंततः उसने अपनी किरकिरी कराने वाले इस मामले में जवाबदेही तय करना आवश्यक समझा, लेकिन जल्द ही खबर आई कि उन्हें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव बना दिया गया। आखिर यह कैसी कार्रवाई और जवाबदेही? इस तबादले से उनकी सेहत पर क्यों असर पड़ने वाला? उनके साथ सीबीएसई के सचिव पद से हटाए गए हिमांशु गुप्ता को उनके मूल कैडर भेज दिया गया। संभवतः कुछ समय तक केंद्र में उन्हें प्रतिनियुक्ति न मिले, लेकिन इसे भी किसी तरह की कठोर कार्रवाई कहना कठिन है। सीबीएसई मामले में तो फिर भी दो अधिकारियों का तबादला किया गया। इससे अधिक गंभीर नीट प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में तो कुछ भी नहीं किया गया। इस परीक्षा को आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के किसी अधिकारी का न तो स्थानांतरण हुआ और न ही निलंबन। यह तब है, जब सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा था कि इस मामले में जवाबदेही तय किए बिना इस तरह की घटनाओं को रोका नहीं जा सकता।

नीट पेपरलीक मामले में सरकार और विशेष रूप से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विपक्ष के निशाने पर हैं। कांग्रेस के अलावा बीते दिनों काकरोच जनता पार्टी ने भी दिल्ली में प्रदर्शन कर उनका इस्तीफा मांगा। यह ठीक है कि यह प्रदर्शन फीका रहा और वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि नीट पेपरलीक मामला गंभीर नहीं और सरकार की जवाबदेही की जरूरत खत्म हो जाती है। चूंकि मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में किसी गड़बड़ी या गलती के लिए किसी मंत्री का त्यागपत्र नहीं लिया गया, इसलिए शिक्षा मंत्री के भी इस्तीफे के कोई आसार नहीं। कहना कठिन है कि मोदी सरकार अपने इस तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल में कोई फेरबदल करेगी या नहीं और जब ऐसा होगा तो कसौटी पर खरा न उतर पाने या सरकार की किरकिरी कराने वाले मंत्रियों की छुट्टी होगी या नहीं, लेकिन नीट पेपरलीक बहुत ही गंभीर मामला है। दोबारा परीक्षा देने के तनाव में कई छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। आखिर कोई इसकी जिम्मेदारी लेगा या नहीं? यह सही है कि किसी बड़ी गलती-गड़बड़ी या घटना-दुर्घटना के कारण यदि किसी अधिकारी को बर्खास्त किया जाता है अथवा किसी मंत्री का इस्तीफा लिया जाता है तो उससे समस्या का समाधान नहीं हो जाता, लेकिन जब ऐसा होता है तो जन भावनाओं को संतुष्टि मिलती है और लोगों का रोष एवं आक्रोश कम होता है। जब ऐसा कुछ नहीं होता तो सवाल उठता है कि आखिर जवाबदेही और नैतिक जिम्मेदारी नाम की कोई चीज होती है या नहीं?




नीट पेपर लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन। फाइल

बात केवल परीक्षाओं में गड़बड़ी और उसके चलते लाखों छात्रों के परेशान होने और उनमें से कुछ के आत्महत्या करने की ही नहीं है। अन्य अनेक मामलों में भी सरकारी तंत्र की जवाबदेही बड़ी मुश्किल से तय होती है। इसका ताजा उदाहरण है दिल्ली में अवैध तरीके से बने और अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना चल रहे होटल में आग लगने से 22 लोगों की मौत की। इनमें से कई विदेशी थे, जो अपने परिवार वालों के उपचार के लिए दिल्ली आए थे। 22 लोगों की मौत के बाद होटल के मालिक और रसोइए को तो गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन नगर निगम, अग्निशमन विभाग आदि के किसी कर्मचारी-अधिकारी का निलंबन तक नहीं किया गया, जबकि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी होनी चाहिए थी। आखिर दोषी केवल होटल मालिक नहीं, जिसने छह की जगह 25 कमरे बना लिए। दोषी तो वे सब भी हैं, जिन्होंने अवैध निर्माण होने दिया। साफ है कि भ्रष्टाचार के चलते यह अवैध होटल बना और चला।

हम इस पर गर्व करते हैं और करना भी चाहिए कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन बड़ा ही है, बेहतर नहीं और इसका एक प्रमुख कारण है सरकारी तंत्र में जवाबदेही का अभाव। इस अभाव के चलते जिस तरह बार-बार एक जैसे कारणों से परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होते रहते हैं, वैसे ही अवैध निर्माण होते रहते हैं अथवा नई बनी सड़कें दोयम दर्जे के निर्माण के कारण ध्वस्त हो जाती हैं। इसी तरह करीब-करीब सभी शहरों में एक जैसे कारणों से हादसे होते रहते हैं, जिनमें लोग मरते भी हैं। कभी यह सामने आता है कि किसी जर्जर इमारत को दो से चार मंजिल का बना दिया गया और कभी यह कि आग की चपेट में आया कोई होटल या रेस्त्रां अवैध तरीके से संचालित हो रहा था और उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं थे। यहां तक कि अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं था। यदि भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना है, सुशासन को सचमुच स्थापित करना है और भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र बनाना है तो शासन तंत्र का जवाबदेह होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### मन का दर्पण

मनुष्य का सबसे कठिन संघर्ष बाहरी संसार के बजाय स्वयं के साथ होता है। बाहरी संघर्ष तो समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, परंतु भीतर का द्वंद्व प्रायः जीवनपर्यंत चलता है। हर किसी के भीतर ऐसे कुछ सत्य छिपे होते हैं, जिनसे सामना करने का साहस हर किसी में नहीं होता। अधिकांश लोग अपनी कमजोरियों पर पर्दा डालकर जीना आसान समझते हैं, क्योंकि अपने भीतर झांकना किसी गहरे अंधेरे कुएं में उतरने जैसा होता है। वहां व्यक्ति को अपनी ही परछाइयों से डर लगने लगता है। जबकि जीवन का वास्तविक परिवर्तन वहीं से आरंभ होता है, जब मनुष्य अपने भीतर की कठोर सच्चाइयों को स्वीकार करने का साहस जुटा लेता है। अपनी कमियों को स्वीकार करना हार नहीं, बल्कि आत्मबोध की पहली सीढ़ी है। जिस दिन व्यक्ति अपने दोषों से भागना छोड़ देता है, उसी दिन उसके भीतर एक नई रोशनी जन्म लेने लगती है।

जीवन में कई ऐसे क्षण आते हैं, जब जिम्मेदारियों का बोझ, असफलताओं की पीड़ा और संबंधों की उलझनें हमें भीतर से थका देती हैं। लगता है जैसे अब और आगे बढ़ना संभव नहीं, परंतु यही वे क्षण होते हैं, जहां उम्मीद की छोटी सी लौ हमें टूटने से बचा लेती है। इसी लौ से जीवन की सही राह दिखती है। व्यक्ति समझने लगता है कि जीवन की कठिनाइयां उसके व्यक्तित्व को और परिष्कृत ही करती हैं। उसे अनुभूति होती है कि शांति बाहर की उपलब्धियों में नहीं, अपितु भीतर की स्वीकृति में छिपी होती है। जब व्यक्ति मन के दर्पण में देखकर स्वयं को स्वीकार कर लेता है, तब जीवन का हर संघर्ष हल्का लगने लगता है। असली बदलाव किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना से ही आकार लेता है। यही चेतना हमारा स्वयं से साक्षात्कार कराती है। आत्मस्वीकृति के भाव से ही जीवन का सौंदर्यबोध बढ़ता है।

ममता कुशवाहा

# रेत का बढ़ता उत्खनन और पर्यावरण क्षरण

सुधीर कुमार

**रेत का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से निर्मित होने की गति से कहीं आगे पहुंच चुका है**

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट बताती है कि जहां एक तरफ विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के लिए रेत का दोहन बढ़ता जा रहा है, वहीं इसके समानांतर नदियों तथा डेल्टाई एवं तटीय इलाकों की पारिस्थितिकी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। चिंताजनक है कि शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और अवैध खनन के कारण रेत का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से निर्मित होने की गति से कहीं आगे पहुंच चुका है। इससे निकट भविष्य में इस लघु खनिज की कमी और आर्थिक-पर्यावरणीय खतरों को आमंत्रण मिल सकता है।

पानी के बाद रेत विश्व का दूसरा सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला प्राकृतिक संसाधन है। मौजूदा समय में दुनिया हर वर्ष लगभग 50 अरब टन रेत का इस्तेमाल कर रही है। इसका इस्तेमाल मुख्यतः निर्माण कार्यों में अनिवार्य रूप से किया जाता है, जहां इसे सीमेंट के साथ मिलाकर भवनों और अन्य संरचनाओं को मजबूती प्रदान की जाती है। रेत नदियों का प्राकृतिक उपोत्पाद (बाई-प्रोडक्ट) है, लेकिन इसकी उपलब्धता और मांग में अंतर बढ़ता जा रहा है। केवल इमारतों में इस्तेमाल होने वाली रेत की मांग 2060 तक 45 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। यह चिंताजनक है, क्योंकि देश के कई हिस्सों में रेत की उपलब्धता का संकट गहरा चुका है। दूसरी तरफ प्राकृतिक रूप से उपलब्ध रेत पर माफियाओं का कब्जा है, जिससे एक तरफ पर्यावरण निर्देशों का उल्लंघन कर रेत खनन किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ ये प्रशासन के लिए भी सिर दर्द बन चुके हैं। अवैध तरीके से रेत के दोहन के कारण न सिर्फ जलस्रोतों की पारिस्थितिकी तेजी से बदल रही है, बल्कि तटीय अपरदन का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि रेत जैवविविधता के संरक्षण में महती भूमिका अदा करते हैं। ये न सिर्फ मछलियों, कछुओं, पक्षियों, केकड़ों और अनेक अन्य प्रजातियों को आवास प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यटन, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और जल सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। जलस्रोतों के किनारे रेत की अच्छी स्थिति में होने से यह नदी के बहाव को नियंत्रित करने, तटों को कटाव और तूफानी लहरों से बचाने, पानी के प्राकृतिक छनन, तटीय जलस्रोतों में खारेपन को रोकने और जैवविविधता को बनाए रखने में मदद करती है। ऐसे में रेत के दोहन को रोकना और मांग को सीमित करना जरूरी है।

देश के विभिन्न राज्यों ने रेत खनन नीति बनाकर नदी-रेत पर निर्भरता को कम करने और पर्यावरण को नुकसान से बचाने की पहल की है, वहीं संविधान की पांचवीं अनुसूची के 10 राज्यों में लागू पेसा अधिनियम-1996 के तहत रेत के खनन, पट्टा आवंटन और व्यापार पर ग्राम सभा को व्यापक अधिकार प्रदान किया गया है। बहरहाल रेत संकट को देखते हुए अंधाधुंध दोहन पर रोक के साथ-साथ निर्माण क्षेत्र में रेत का ठोस विकल्प खोजना भी जरूरी हो गया है।

(लेखक बीएचयू में शोधार्थी हैं)

## मेलबाक्स

### आत्ममंथन करें विपक्षी दल

'विपक्ष की बढ़ती अप्रासंगिकता' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में डा. एके वर्मा ने यथार्थ ही लिखा है कि आज विपक्ष शोर-शराबे और अनर्गल प्रलाप के द्वारा स्वयं को अप्रासंगिक बना रहा है। समग्रता में देखा जाए तो आज राजनीति का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। विपक्षी दलों के पास कोई वैचारिक ठोस नीति देश के अथवा जनता के हित में नहीं दिखती। विपक्षी दल वास्तविकता को स्वीकार करने को भी तैयार नहीं और हार की स्थिति में दूसरों पर ही इसका ठीकरा फोड़ते रहते हैं। इससे जनता में उनके प्रति कोई भरोसे का भाव नहीं बन पा रहा। विपक्षी दल जनता की बदल रही आकांक्षाओं को भी नहीं समझ रहे और अभी तक जाति, पंथ और पहचान की राजनीति वाला पुराना घिसापिटा फार्मूला ही आजमाते रहते हैं। उन्हें यह ध्यान देना होगा कि आज के नए दौर में पुराने तौर-तरीकों से काम नहीं चलने वाला।

अतिवीर जैन 'पराग', कंकर खेड़ा, मेरठ कैंट

### टीएमसी में विद्रोह

लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल की दीर्घकालिक सफलता केवल किसी एक परिवार या व्यक्ति के प्रभाव पर नहीं, बल्कि आंतरिक लोकतंत्र, पारदर्शिता और सामूहिक नेतृत्व पर निर्भर करती है। टीएमसी जैसे किसी दल में निर्णय लेने की प्रक्रिया कुछ व्यक्तियों तक सीमित हो जाती है, तब योग्य और अनुभवी कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे दलों में विचार-विमर्श, असहमति और संगठनात्मक संवाद के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता, जिसके परिणामस्वरूप टूट, बगावत और पलायन जैसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं। परिवारवादी राजनीति का एक बड़ा दुष्परिणाम यह भी है कि संगठन और जनहित की अपेक्षा परिवार विशेष के राजनीतिक वर्चस्व को बनाए रखने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती है तथा जनता की वास्तविक समस्याएं पीछे छूट जाती हैं।

सुशील कुमार बतरा, मेरठ

### भारतीय शिक्षा और आधुनिकता

गिरीश्वर मिश्र द्वारा लिखे विचार 'औपनिवेशिक छाप से मुक्त हो शिक्षा' को पढ़ते हुए यह अनुभव होता है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंतु इस विमर्श का एक पक्ष और भी है, जिस पर अपेक्षित गंभीरता से चर्चा नहीं होती। औपनिवेशिक मानसिकता केवल पाठ्यक्रम में नहीं, बल्कि हमारी परीक्षा प्रणाली, रटंत संस्कृति, डिग्री-केंद्रित सोच और सरकारी नौकरियों पर अत्यधिक निर्भरता में भी दिखाई देती है। यदि विद्यार्थी केवल अंक अर्जित करने की मशीन बन जाएं और शिक्षा जीवन, समाज तथा उत्पादन व्यवस्था से न जुड़े, तो भारतीयकरण का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ-साथ संविधानिक मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार, पर्यावरणीय चेतना और स्थानीय समस्याओं के समाधान को भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में विद्यालयों और महाविद्यालयों से निकलने वाले युवा स्थानीय कृषि, हस्तशिल्प, लघु उद्योग तथा उद्यमिता से पर्याप्त रूप से नहीं जुड़ पाते। इसका परिणाम बेरोजगारी और प्रतिभा पलायन के रूप में सामने आता है। शिक्षा का भारतीयकरण तभी होगा जब गांव, कस्बे और स्थानीय समाज स्वयं सीखने की प्रयोगशाला बनें। साथ ही यह भी स्वीकार करना होगा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा जितनी गौरवशाली रही है, उतना ही महत्वपूर्ण आधुनिक विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी और वैश्विक शोध जगत से संवाद भी है। केवल अतीत के गौरव का स्मरण पर्याप्त नहीं, भविष्य की चुनौतियों का समाधान भी शिक्षा को ही देना होगा। इसलिए भारतीयता और आधुनिकता को विरोधी ध्रुवों के रूप में देखने के बजाय उनके समन्वय का मार्ग अपनाना अधिक व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण होगा। यही शिक्षा को वास्तविक अर्थों में आत्मनिर्भर, प्रासंगिक और राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम बना सकता है।

सुमन गुप्ता, आजमगढ़ (उप्र)

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**60** अरब रुपये का एक सौदा किया है भारत ने आधिकारिक तौर पर वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति के लिए।





डा. संजय वर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर, बेनेट यूनिवर्सिटी, नोएडा

आजकल

# रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक

**भारत ने वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली देने के लिए एक सौदा किया है। इसके अलावा भारत फिलीपींस और इंडोनेशिया को भी ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति कर रहा है। इसका उद्देश्य घरेलू रक्षा निर्माण को गति देना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रभाव का विस्तार करना है। ये सौदे उस बड़े बदलाव का भी संकेत हैं जिसमें भारत दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में से एक देश से धीरे-धीरे एक प्रभावशाली रक्षा निर्यातक राष्ट्र में बदल रहा है**




ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली ने भारत की सैन्य ताकत में किया इजाफा। फाइल

हाल में सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला संवाद के दौरान भारत और वियतनाम के बीच ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली के निर्यात को लेकर एक घोषणा हुई। सौदे के अनुसार वियतनाम को इस मिसाइल प्रणाली से जुड़ा व्यापक प्रशिक्षण और अन्य साजोसामान मुहैया कराए जाएंगे। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली हासिल करने वाला यह अकेला देश नहीं है। इस कतार में इंडोनेशिया-फिलीपींस भी नजर आ रहे हैं और बात अफ्रीकी देशों तक पहुंच रही है। इंडोनेशिया से जारी बातचीत के मुताबिक तटीय सुरक्षा के लिए भारत उसे ब्रह्मोस मिसाइल की एक पूरी बैटरी की आपूर्ति करने वाले सौदे के आखिरी चरण में है। यहां बैटरी से आशय ब्रह्मोस मिसाइलों का एक छोटा सैन्य दस्ता उपलब्ध कराना है। इसमें ट्रकों पर लगे मिसाइल दागने वाले 3-4 मोबाइल लांचर, तैयार अवस्था में 6-12 मिसाइलों वाले समूह को मिलाकर करीब 90 मिसाइलें, कमांड और कंट्रोल ट्रक तथा लक्ष्य खोजने वाले रडार और रीलोडर वाहन एवं मिलाइलों को दोबारा लोड करने वाले वाहनों को मिलाकर एक पूरी यूनिट होती है। उल्लेखनीय है कि फिलीपींस के साथ 2022 में हुए करीब 3130 करोड़ रुपये के सौदे के तहत ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन बैटरियों में से पहली खेप उसे अप्रैल 2024 में और दूसरी खेप (बैटरी) अप्रैल 2025 में डिलीवर की गई थी। यह पहला मौका था, जब भारत ने किसी अन्य देश को ब्रह्मोस मिसाइल रक्षा प्रणाली निर्यात किया था। फिलीपींस को इसकी जरूरत साउथ चाइना सी में चीन से बढ़ते तनाव के मद्देनजर तटीय और समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के नजरिये से है।

**रक्षा-आयातक बनाम निर्यातक**: वैसे तो वियतनाम, फिलीपींस और इंडोनेशिया के साथ ब्रह्मोस मिसाइल सौदों के रूप में बढ़ती रणनीतिक साझेदारियां भारत की उन वृहद कोशिशों का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य घरेलू रक्षा निर्माण को गति देना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार करना है, लेकिन ये केवल रक्षा सौदों की खबरें नहीं हैं। ये उस बड़े बदलाव का संकेत हैं जिसमें भारत दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में से एक देश से धीरे-धीरे एक प्रभावशाली रक्षा निर्यातक राष्ट्र में बदल रहा है।

कई शत्रु पड़ोसियों से घिरे भारत में सुरक्षा पर होने वाले खर्च को अक्सर केवल बजटीय बोझ के रूप में देखा जाता है। कई बार यह बात तार्किक भी लगती है कि एक मिसाइल पर खर्च की गई राशि से कई स्कूल, अस्पताल या सड़कें बनाई जा सकती हैं, लेकिन यह अधूरा नजरिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक अवधारणाएं हैं। किसी भी राष्ट्र के लिए विकास का आधार स्थिरता और सुरक्षा ही होती है। यदि संप्रभुता पर खतरा मंडरा रहा हो, तो आर्थिक प्रगति का पूरा ढांचा ही अस्थिर हो जाता है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जहां सैन्य तकनीक में किया गया निवेश बाद में राष्ट्रीय आर्थिक शक्ति का आधार बना। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने जिस रक्षा अनुसंधान ढांचे का निर्माण किया, उसी से आगे इंटरनेट, जीपीएस और एयरोस्पेस उद्योग जैसी तकनीकों का जन्म हुआ। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कई उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्र उसी रक्षा निवेश की विरासत पर खड़े हैं। इसी प्रकार इजरायल का उदाहरण भी उल्लेखनीय है। सीमित भूभाग और निरंतर सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद इजरायल ने रक्षा अनुसंधान को राष्ट्रीय नवाचार नीति से जोड़ा। परिणामस्वरूप वहां विकसित ड्रोन, साइबर सुरक्षा और इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणालियां आज वैश्विक निर्यात का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने वहां की तकनीकी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

इसी माडल को आगे चलकर दक्षिण कोरिया ने भी अपनाया। 1970 और 1980 के दशक में रक्षा उत्पादन के लिए विकसित औद्योगिक आधार ने बाद में जहाज निर्माण, इलेक्ट्रानिक्स और भारी इंजीनियरिंग उद्योगों को गति दी। आज कोरिया विश्व के प्रमुख रक्षा निर्यातकों में शामिल है और उसके सैन्य उद्योग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभों में गिने जाते हैं। भारत के अपने अनुभव भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण और 1998 के पोखरण-2 के बाद लगाए गए तकनीकी प्रतिबंधों ने भारत को आत्मनिर्भर अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया। यही दबाव आगे चलकर डीआरडीओ, इसरो और स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं के विस्तार का कारण बना। आज भारत जिन स्वदेशी मिसाइलों, रडार प्रणालियों और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों पर गर्व करता है, उनकी जड़ें उसी आत्मनिर्भरता की आवश्यकता में निहित हैं। पहले कारगिल युद्ध और बाद में आपरेशन सिंदूर ने भी ऐसे ही महत्वपूर्ण सबक दिए। कारगिल संघर्ष ने तो दिखाया था कि विदेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर अत्यधिक निर्भरता संकट के समय राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है। इसके बाद भारत ने मिसाइल, गोला-बारूद, निगरानी प्रणालियों और रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर अधिक बल दिया। ब्रह्मोस उसी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच का परिणाम है, जिसका आपरेशन सिंदूर में पूरी प्रखरता से इस्तेमाल किया गया।

**क्या युद्ध एक निवेश है** : हाल के वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध ने भी दुनिया को यह याद दिलाया है कि आधुनिक युद्ध केवल सैनिकों के बीच नहीं, बल्कि औद्योगिक क्षमताओं और उत्पादन श्रृंखलाओं के बीच भी लड़े जाते हैं। जिन देशों के पास स्वयं की रक्षा उत्पादन क्षमता है, वे लंबे संघर्षों में कहीं अधिक टिकाऊ साबित होते हैं। आज अमेरिका से लेकर चीन और यूरोप तक सभी देश रक्षा विनिर्माण को राष्ट्रीय आर्थिक रणनीति के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। यह अकारण ही नहीं है कि ईरान के खिलाफ छेड़े गए संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह कहते सुनाई दिए कि युद्ध असल में भविष्य में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने वाला एक तरह का निवेश है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो कई राष्ट्र युद्ध अथवा सैन्य शक्ति को भविष्य के बड़े खतरों को रोकने का माध्यम मानते हैं। इस सोच के अनुसार यदि आज सैन्य कार्रवाई या रक्षा तैयारी पर खर्च किया गया धन भविष्य में किसी बड़े युद्ध, आक्रमण या राष्ट्रीय संकट को रोक देता है, तो उसे एक प्रकार का निवेश माना जा सकता है। इसी सोच को प्राचीन रोमन कहावत में व्यक्त किया गया था- "यदि आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध की तैयारी करें।" इजरायल, अमेरिका और कई अन्य देशों ने दशकों से इसी तर्क के आधार पर भारी रक्षा निवेश को उचित ठहराया है। भारत में भी ब्रह्मोस, अग्नि, आकाश और अन्य स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के समर्थक यह तर्क देते हैं कि मजबूत प्रतिरोधक क्षमता (डिटरेंस) संभावित युद्धों को रोकती है और दीर्घकाल में देश को कहीं अधिक बड़े नुकसान से बचाती है।

**युद्ध से जन्मी तकनीकें** : हालांकि अधिकांश अर्थशास्त्री युद्ध और निवेश को अलग-अलग श्रेणियों में रखते हैं। निवेश वह होता है जो भविष्य में उत्पादक क्षमता बढ़ाए, नए संसाधन पैदा करे और आर्थिक लाभ उत्पन्न करे। इसके विपरीत युद्ध प्रायः सड़कों, उद्योगों, ऊर्जा संयंत्रों, बंदरगाहों और मानव संसाधनों को नष्ट करता है। युद्ध से सरकारी ऋण बढ़ता है, व्यापार बाधित होता है और विकास की गति धीमी पड़ जाती है। उदाहरण के लिए, इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियानों पर खरबों डालर खर्च हुए। इसी प्रकार रूस-यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा प्रभाव डाला है। फिर भी रक्षा क्षेत्र की एक दिलचस्प विशेषता है। युद्ध स्वयं भले ही विनाशकारी हो, लेकिन युद्ध की तैयारी में विकसित होने वाली तकनीकें अक्सर नागरिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाती हैं। इंटरनेट, जीपीएस, जेट इंजन, उपग्रह संचार और कई आधुनिक डिजिटल तकनीकों की जड़ें सैन्य अनुसंधान में ही हैं। इसी प्रकार भारत में मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों ने उन्नत विनिर्माण, इलेक्ट्रानिक्स, सामग्री विज्ञान और उच्च तकनीकी उद्योगों को नई गति प्रदान की है।

बहरहाल, भारत के लिए वास्तविक चुनौती अब केवल अधिक मिसाइलें बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि रक्षा निवेश राष्ट्रीय विकास के व्यापक एजेंडे का हिस्सा बने। ब्रह्मोस ने यह संभावना दिखाई है कि सुरक्षा और विकास को परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक के रूप में भी देखा जा सकता है। शायद यही उसके पीछे छिपा सबसे बड़ा सबक है।

## रक्षा पर खर्च सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी

कोई देश रक्षा पर खर्च करे या अपनी जनता के विकास संबंधी कार्यक्रमों को अपनी प्राथमिकता में ले-भारतीय संदर्भ में इससे संबंधित बहस काफी महत्वपूर्ण है। एक ओर देश को स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु संबंधी समस्याओं और ग्रामीण अंचलों की हालत सुधारने के लिए बड़े निवेश की जरूरत है। दूसरी ओर चीन और पाकिस्तान जैसी चुनौतियों को देखते हुए रक्षा तैयारियों की अनदेखी भी संभव नहीं है। इसलिए भारत के सामने चुनौती युद्ध और विकास के बीच चुनाव करने की नहीं, बल्कि सुरक्षा और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने की है। ऐसे में यह कहना ज्यादा प्रासंगिक होगा कि "युद्ध निवेश भले ही नहीं है, लेकिन युद्ध को रोकने वाली क्षमता एक निवेश हो सकती है।" यदि रक्षा तैयारी, तकनीकी आत्मनिर्भरता और सामरिक प्रतिरोधक शक्ति किसी बड़े संघर्ष को होने से रोक दें, तो उस पर किया गया व्यय भविष्य की सुरक्षा और स्थिरता में निवेश माना जा सकता है। हालांकि जब वास्तविक युद्ध शुरू हो जाता है, तब उसकी आर्थिक, सामाजिक और मानवीय लागत इतनी अधिक होती है कि कोई भी राष्ट्र उसे लाभकारी सौदा नहीं कह सकता, लेकिन शांति बनाए रखने की क्षमता, प्रभावी प्रतिरोधक शक्ति और आत्मनिर्भर एवं निर्यात की संभावना वाला रक्षा उद्योग निश्चित रूप से एक दीर्घकालिक राष्ट्रीय निवेश बन सकता है।

-डा. संजय वर्मा

खरी-खरी

## मोहल्ले के नल में बूंद

मुकेश इंदौरी

गर्मी के मौसम में शहरों, कस्बों और गांवों में हर कोई पानी की जुगाड़ में जुट जाता है। जैसे ही अप्रैल में सूरज देवता थोड़ा मुस्कुराते हैं, नल सूखने लगते हैं। लोग बाल्टी लेकर ऐसे दौड़ते हैं जैसे ओलिंपिक में 'जल-दौड़ प्रतियोगिता' चल रही हो। नेता बिना शर्माए पानी के वादों की नाव चलाते रहते हैं। 'ऊंट के मुंह में जीरा' तो सुना था, लेकिन अब 'मोहल्ले के नल में बूंद' वाली स्थिति है। लोकतंत्र का असली चेहरा गर्मी में पानी की लाइन में दिखाई देता है, जहां अमीर-गरीब सब खड़े होते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अमीर के पास बड़ी टंकी है और गरीब के पास छोटी बाल्टी। यह स्थिति महानगर की है, जहां रसूखदार और मंत्री निवास करते हैं। ग्रामीण इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

हमारे देश में पानी कम हो सकता है, लेकिन योजनाएं नहीं। वादे इतने मीठे हैं कि लगता है जैसे हर घर में झरना बहेगा। हकीकत यह है कि जनता नल खोलती है और उसमें से हवा निकलती है, जैसे सरकार जनता के सपनों में फूंक मार रही हो। पानी विभाग पर 'ढाक के तीन पात' वाली कहावत बिल्कुल फिट बैठती है। हर साल पाइप लाइन फूटती है, पानी की टंकियां बनती हैं, और हर साल जनता वही सवाल पूछती है 'पानी कब आएगा?'

आज के दौर में पानी का सबसे बड़ा भगवान कोई नदी या कुआं नहीं, बल्कि टैंकर है। टैंकर वाले का रुतबा किसी मंत्री से कम नहीं। टैंकर माफिया देश की नई अर्थव्यवस्था बन चुका है। कई बार जानबूझकर पानी का संकट खड़ा किया जाता है, ताकि टैंकर वालों की पौबारह हो जाए। पानी अब राजनीति का हथियार बन चुका है। सत्ताधारी नेता विपक्षी के मोहल्ले में पानी का टैंकर नहीं पहुंचने देता।

हमने विकास के नाम पर पेड़ काट दिए, तालाब पाट दिए, और नदियों को नालों में बदल दिया। अब जब गर्मी में पानी गायब होता है, तो हम आसमान को दोष देते हैं। सच यह है कि हमने खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। अगर हमने अभी नहीं संभाला, तो आने वाला समय और भयावह होगा। सबसे जरूरी है मानसिकता बदलना। जब तक हम पानी को मुफ्त समझते रहेंगे, संकट बढ़ता रहेगा।

पोस्ट



बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की हार ने विपक्षी दलों की अक्ल ठिकाने लगा दी, वरना तो सब के सब अहंकार में डूबे हुए थे।
आशुतोष@ashutosh83B

एक हार और तृणमूल कांग्रेस टुकड़ों में बिखर गई। लगता है दीदी ने नींव की जगह सिर्फ दीवारों के रंगरोगन पर खर्च किया था।
अशोक कुमार पांडेय@Ashok_Kashmir

गुलाम जम्मू एवं कश्मीर के लोग ब्रिटेन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां के लोगों को अंततः यह अहसास हो गया है कि उनका असली दुश्मन कौन है।
निर्वेश यादव@MYadavNirvesh

राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग के डर से कांग्रेस मध्य प्रदेश और झारखंड में अपने विधायकों को दूसरे राज्य में भेजने की तैयारी कर रही है। हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हरियाणा के विधायकों को भी हिमाचल प्रदेश भेजा गया था, फिर भी क्रास वोटिंग हो गई। खरीदने वाले और बिकने वालों के तार असल में पहले ही जुड़ जाते हैं।
आदेश रावल@AadeshRawal



अनुराग अग्रवाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, हरियाणा

हरियाणा डायरी

# महिला नेतृत्व पर बढ़ता भाजपा का विश्वास

हरियाणा में भाजपा ने बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। करीब 43 साल के लंबे अंतराल के बाद दूसरी बार भाजपा ने डा. अर्चना गुप्ता के रूप में हरियाणा को महिला अध्यक्ष दी है। पहली महिला अध्यक्ष डा. कमला वर्मा थीं, जो राज्य की स्वास्थ्य मंत्री भी रही हैं। भाजपा नेतृत्व ने ऐसे समय में यह फैसला लिया है, जब पार्टी देशभर में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने का संदेश दे रही है और महिला आरक्षण को अपनी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है। ऐसे में हरियाणा जैसे परंपरागत रूप से पुरुष-प्रधान राजनीतिक राज्य में एक महिला को संगठन की कमान सौंपना एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

डा. अर्चना गुप्ता की प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति का सबसे बड़ा संदेश महिलाओं को लेकर भाजपा की प्रतिबद्धता का है। भाजपा लंबे समय से महिला मतदाताओं को अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत में शामिल करती रही है। हरियाणा में "लाडो लक्ष्मी", "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए रोजगार जैसी योजनाओं के जरिये महिलाओं के बीच भाजपा ने मजबूत आधार बनाया है। अब संगठन के शीर्ष पद पर महिला नेतृत्व देकर भाजपा ने यह संकेत दिया है कि महिलाओं की भूमिका केवल वोटर या कार्यकर्ता तक सीमित नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भी हो सकती है।

यह निर्णय आगामी चुनावों में महिला मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश देने का काम करेगा। विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों में इसका राजनीतिक प्रभाव दिखाई दे सकता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि अर्चना गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले प्रदेश महामंत्री थीं। उनसे पहले मोहन लाल बडौली भी प्रदेश महामंत्री से सीधे अध्यक्ष बने थे। इससे संगठन में एक नई परंपरा मजबूत होती दिख रही है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए केवल जनाधार वाला नेता होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि संगठनात्मक अनुभव भी महत्वपूर्ण है। इसका संदेश उन नेताओं के लिए भी है जो केवल चुनावी राजनीति के आधार पर संगठन में शीर्ष पद की उम्मीद रखते हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व लगातार यह संकेत दे रहा है कि संगठन में काम करने वालों को भी शीर्ष जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा। हरियाणा की राजनीति लंबे समय से जाट और गैर-जाट समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। भाजपा ने 2014 के बाद गैर-जाट सामाजिक गठबंधन को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। डा. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति को भी इसी रणनीति के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है।



गृह मंत्री अमित शाह से मिलतीं हरियाणा भाजपा की नई अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता। भाजपा

पार्टी ने ऐसे समय में यह फैसला लिया है जब वह 2029 के विधानसभा चुनावों की तैयारी साथ-साथ कर रही है। लगता है भाजपा नहीं चाहती कि संगठन किसी एक जातीय समूह के प्रभाव में दिखाई दे। महिला और गैर-जाट नेतृत्व का यह संयोजन पार्टी के व्यापक सामाजिक समीकरणों को अधिक मजबूत करने की कोशिश माना जा रहा है। अर्चना गुप्ता के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल दोनों के साथ अच्छे संगठनात्मक संबंध हैं। हरियाणा भाजपा में कई बार सरकार और संगठन के बीच शक्ति संतुलन को लेकर चर्चा होती रही है। ऐसे में ऐसा अध्यक्ष चुनना, जो सभी प्रमुख सत्ता केंद्रों के साथ सहज संवाद रखता हो, संगठनात्मक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जाएगा।

भाजपा नेतृत्व की प्राथमिकता फिलहाल किसी प्रकार के आंतरिक शक्ति संघर्ष को रोकना है। डा. गुप्ता की नियुक्ति इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि वह किसी बड़े गुट की प्रतिनिधि के बजाय संगठन की नेता के रूप में देखी जाती हैं। अध्यक्ष बनने के बाद डा. अर्चना गुप्ता के सामने पहली चुनौती संगठन में नई ऊर्जा का संचार करना होगी। भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में है। लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली पार्टियों के सामने स्वाभाविक रूप से कार्यकर्ताओं की अपेक्षाएं बढ़ती हैं और संगठन में कुछ हद तक शिथिलता भी आ सकती है। उन्हें बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय रखना होगा। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों और युवा वर्ग में भाजपा की पकड़ मजबूत बनाए रखना उनके लिए महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा नए कार्यकर्ताओं और पुराने नेताओं के बीच संतुलन भी बनाना होगा।

राजनीतिक हलकों में यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि नई अध्यक्ष अपनी कार्यशैली के अनुसार प्रदेश टीम का पुनर्गठन कर सकती हैं। कुछ जिलाध्यक्षों को प्रदेश संगठन में स्थान मिल सकता है और कई नए चेहरों को अवसर मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह केवल संगठनात्मक फेरबदल नहीं होगा, बल्कि 2029 की तैयारी के लिए नई न टीम तैयार करने की प्रक्रिया होगी।

अब सबकी नजर इस बात पर रहेगी कि डा. अर्चना गुप्ता अपने पहले संगठनात्मक फेरबदल में क्या संदेश देती हैं, कार्यकर्ताओं को किस तरह सक्रिय करती हैं और सरकार तथा संगठन के बीच किस प्रकार का समन्वय स्थापित करती हैं।

**जागरण जनमत** कल का परिणाम

**क्या मानव सुथार के रूप में भारत को एक भरोसेमंद स्पिन आलराउंडर मिल गया है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

**क्या भारत को गुलाम कश्मीर में जारी दमन चक्र को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना चाहिए?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

जय हो, जय हो आपने तोड़ा बड़ा रिकार्ड,
चाचा ने जो था रचा था सचमुच वह हार्ड।
था सचमुच वह हार्ड दे गए वे बीमारी,
खत्म कर रहे आप उन्हें अब बारी-बारी!
विश्वगुरु हो देश कुशासन का भी क्षय हो,
रचिए नए रिकार्ड आपकी हरदम जय हो!!
-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन



प्रेम प्रकाश
वरिष्ठ पत्रकार

# कूटनीति का टूल बनता व्यापार

**वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्यापार अब महज आर्थिक गतिविधि भर नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक शक्ति का भी अहम टूल बन चुका है**



अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का पालन करें सभी पक्ष। प्रतीकात्मक

हाल में एक नई खबर आई कि अमेरिका भारत सहित 60 देशों के उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इससे पहले चीन द्वारा भारतीय गैर-बासमती चावल की खेपों को लौटाने और जापान द्वारा भारतीय आमों के आयात पर अस्थायी रोक की बात सामने आई थी। इन मामलों को बदले शक्ति संतुलन के नए वैश्विक संदर्भ में देखने की जरूरत है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्यापार अब महज आर्थिक गतिविधि भर नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक शक्ति का भी अहम टूल बन चुका है। लिहाजा चीन और जापान जैसे प्रमुख एशियाई आर्थिक साझेदार आगे भारत से आयात पर किसी तरह का प्रतिबंध या कठोर नान टैरिफ बैरियर्स लगाते हैं, तो इसका असर व्यापक होगा। इससे द्विपक्षीय व्यापार का संतुलन तो बिगड़ेगा ही, क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला और भारत-प्रशांत आर्थिक संरचना को भी नुकसान पहुंचेगा।

चूंकि आयात शुल्क के मामले में भारत सहित और देश भी अमेरिकी निशाने पर हैं, लिहाजा यह संभव है कि अमेरिका के खिलाफ व्यापारिक कूटनीति का एक नया मंच आने वाले दिनों में तैयार हो। बात चीन की करें तो भारत के चावल पर सवाल उठाने की घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में पहले से ही असंतुलन है। निर्यात की तुलना में चीन से भारत का आयात अधिक है। ऐसे में चीन के भारतीय उत्पादों पर प्रतिबंध कुछ समय के लिए कृषि उत्पाद, रसायन और खनिज जैसे क्षेत्रों में भारत का व्यापारिक सिरदर्द और बढ़ा सकता है। हालांकि दीर्घकालिक तौर पर यह भारत के लिए मार्केट डायवर्सिफिकेशन को बढ़ाने का अवसर भी बन सकता है। चीन के मुकाबले जापान का मामला थोड़ा अलग है। जापान भारत का एक महत्वपूर्ण निवेशक और तकनीकी सहयोगी रहा है। यदि जापान कुछ भारतीय कृषि उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाता है, तो इसका संकेत आर्थिक से अधिक राजनीतिक और रणनीतिक महत्व होगा। इससे भारत-जापान आर्थिक साझेदारी की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।

अच्छी बात है कि भारत ने चीन और जापान के मामलों में फिलहाल कूटनीतिक और तकनीकी स्तर पर जवाब दिया है, न कि प्रतिशोधात्मक व्यापारिक कार्रवाई की है। चीन के मामले में भारत ने आनुवांशिक रूप से संशोधित चावल के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि देश में ऐसी व्यावसायिक खेती की इजाजत ही नहीं है। भारतीय एजेंसियां और निर्यातकों ने चीनी अधिकारियों से तकनीकी स्पष्टीकरण और पुनः परीक्षण की मांग की है। इसी तरह जापान के मामले में भारत ने संबंधित प्रसंस्करण सुविधाओं की जांच शुरू की है और जापानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर कमियों को दूर करने तथा निर्यात बहाल कराने का प्रयास किया है। साफ है कि टकराव के बजाय भारत वैज्ञानिक प्रमाण, नियामकीय अनुपालन और द्विपक्षीय संवाद के जरिये अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहुंच को बहाल रखना चाहता है। ये घटनाक्रम बताते हैं कि निर्यात वृद्धि के लिए सिर्फ उत्पादन क्षमता ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत विश्वसनीयता पर भी गंभीरता के साथ ध्यान देना होगा।

वैसे इस हालिया प्रकरण ने एक बार फिर इस आशंका को बल दिया है कि अर्थ और व्यापार के क्षेत्र में भारत की तेज और निरंतर प्रगति ने कई प्रभावशाली और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों वाले देशों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं का उपयोग रणनीतिक दबाव तथा कूटनीतिक प्रभाव-निर्माण के उपकरण के रूप में लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में आयात पर रोक और निर्यातित वस्तुओं पर उठाए जाने वाले सवाल कई बार व्यापक व्यापारिक और रणनीतिक हितों से भी प्रेरित हो सकते हैं। दो वर्ष पहले की ही बात है जब भारत में बने कफ सिरप पर रोक से शुरू हुआ मामला सिंगापुर और हांगकांग के भारत के कुछ बड़े ब्रांड के मसालों को बैन करने के बाद अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की जांच और निगरानी तक पहुंच गया। बाद में तो मालदीव जैसे कम हैसियत वाले देश ने भी भारतीय मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी। हालिया घटनाक्रम को देखकर लगता है कि भारत को इन मामलों में जिस तरह से सक्रिय हो जाना चाहिए था, उसमें कुछ कोताही रही। ऐसे प्रतिबंध व्यापार में नुकसान से ज्यादा हमारे अंतरराष्ट्रीय साख को नुकसान पहुंचाते हैं। बेहतर होगा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक और निर्यात निरीक्षण परिषद जैसी संस्थाएं अपने कामकाज के लिए एक नया फ्रेमवर्क तैयार करें। खासतौर पर निर्यात होने वाली वस्तुओं के मामले में अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक गुणवत्ता आश्वासन के लिए नियम-प्रक्रिया को ढांचागत रूप से और बेहतर करना होगा।

## स्मार्ट मीटर निर्माता इंटेलिस्मार्ट को खरीदेगी एईएसएल

**नई दिल्ली :** अदाणी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने मंगलवार को कहा है कि वह स्मार्ट मीटर निर्माता इंटेलिस्मार्ट की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,050 करोड़ रुपये में खरीदेगी। इसको लेकर दोनों कंपनियों के बीच खरीद समझौता हो गया है। एक बयान के अनुसार, इंटेलिस्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के बीच स्मार्ट मीटरिंग का एक प्रमुख संयुक्त उपक्रम है। (प्रेट्र)

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस दुनिया भर में एक बेहतरीन प्लेटफार्म के तौर पर उभरा है, जो अपने डिजिटल आर्किटेक्चर और कामकाज की क्षमताओं के जरिये अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है।

– मिहिर कुमार, सीईओ, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस



| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 73,918.76 | ▲ 394.50 | |
| निफ्टी | 23,242.10 | ▲ 119.10 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,60,300 | ▲ ₹ 1,500 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,55,700 | बदलाव नहीं |
| डालर | | ₹ 95.41 | ▼ ₹ 0.20 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 92.69 | |

# घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन खाद, तेल और सोने का दबाव

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के कारण सरकार पर सबसे अधिक वित्तीय दबाव खाद की बढ़ती कीमतों को लेकर है। मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय से खाद सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की गुजारिश की है। बजट में खाद सब्सिडी के मद में 1.77 लाख करोड़ का प्रविधान किया गया था। इतनी ही रकम की और मांग की गई है। यदि सरकार उर्वरक मंत्रालय की मांग मान लेती है तो खाद सब्सिडी 3.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच जाएगी। सरकार खाद की बढ़ती कीमतों का भार किसानों पर नहीं डालती है, इसलिए इस सब्सिडी से सरकार बच भी नहीं सकती है।

इसके अलावा, 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी थी, लेकिन पहले 78 दिनों तक उपभोक्ताओं पर बढ़ती कीमत का भार नहीं डालने के एवज में सरकार ने तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) से 1.23 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद शुल्क नहीं लिए। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि अब सरकार उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से बचाने के लिए ओएमसी को और राहत देने की स्थिति में नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण फिलहाल ओएमसी को रोजाना 500-600 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। खाद और कच्चे तेल के साथ सोने के आयात से भी दबाव बढ़ा है। सोने के आयात को हतोत्साहित करने के लिए सरकार ने आयात शुल्क में बढ़ोतरी की है। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि भारत में सोना को लेकर लोगों में विशेष लगाव है, इसलिए एक सीमा तक ही सरकार आयात को रोकने का उपाय कर सकती है।

### अप्रैल-मई में बेहतर रहा प्रदर्शन

वित्त मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि तमाम तरह के दबावों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के पहले दो महीने अप्रैल-मई में विकास दर गत वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) की तरह ही है। अंतिम तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि गत अप्रैल-मई में आटो बिक्री, बिजली उत्पादन, निर्यात, मैन्यूफैक्चरिंग जैसे आर्थिक सूचकांक को लेकर जो आंकड़े आए हैं, वे काफी मजबूत दिख रहे हैं।



- खाद सब्सिडी 100 प्रतिशत बढ़ाने की मांग, 3.5 लाख करोड़ के पार हो सकती है कुल सब्सिडी
- तेल मार्केटिंग कंपनियों से नहीं लिए 1.23 लाख करोड़, और राहत देने के मूड में नहीं केंद्र

### खाद सप्लाई करने वाली कंपनियां भी कम हुई

उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक खाद को लेकर इसलिए दबाव बढ़ता जा रहा है क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के कारण 2900 रुपये प्रति बोरी (45 किलोग्राम) वाली खाद की कीमत अब 4500 रुपये बोरी हो चुकी है। युद्ध से पहले वैश्विक बाजार में खाद की सप्लाई 10-15 कंपनियां कर रही थी और अब इनमें से कइयों ने खुद को बाजार से बाहर कर लिया है। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक घरेलू स्तर पर खाद के उत्पादन को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है ताकि आयात में किसी भी तरह कमी लाई जा सके।

### विनिवेश लक्ष्य से मिलेगी मदद

वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक तमाम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सरकार अपने पूंजीगत खर्च में कोई कटौती नहीं करने जा रही है। वित्त मंत्रालय को चालू वित्त वर्ष में अपने विनिवेश के मद में लक्ष्य के 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है चालू वित्त वर्ष के लिए बजट पेश करने के दौरान भी पहले से मौजूद बाहरी चुनौतियों को ध्यान में रखा गया था। दूसरा ईरान युद्ध से उपजी आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक लाख करोड़ के इकोनमिक स्टैबलाइजेशन फंड बनाया गया है। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक विदेश में बसे भारतीयों की तरफ से भेजी जाने वाली रकम में भी कोई कमी नहीं आई है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## जानिए क्या है डार्क पैटर्न जिससे भारतीयों को करोड़ों का नुकसान

**88%** ग्राहकों को डार्क पैटर्न से 78-87 रुपये प्रति माह का नुकसान

भारत में काम करने वाली आनलाइन या ई-कामर्स कंपनियां ग्राहकों को लुभाने और भ्रमित करने के लिए जमकर 'डार्क पैटर्न' का इस्तेमाल कर रही हैं। यह कंपनियां ग्राहकों को भ्रामक इंटरफेस डिजाइन के जरिये लुभाती हैं। इस बीच मार्केट रिसर्च फर्म दातम इंटेलिजेंस ने एक सर्वे रिपोर्ट में दावा किया है कि डार्क पैटर्न के कारण भारतीय ग्राहकों को हर साल अनुमानित 25-28 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। जानिए डार्क पैटर्न के बारे में...



### डार्क पैटर्न का इस्तेमाल

डार्क पैटर्न को भ्रामक पैटर्न के तौर पर भी जाना जाता है। ग्राहकों को उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। कई प्लेटफार्म अपने लिए गैर-फायदेमंद कार्यों को हतोत्साहित करने के लिए भी डार्क पैटर्न का इस्तेमाल करते हैं।

### यह रणनीति अपनाते हैं आनलाइन प्लेटफार्म

डार्क पैटर्न में आनलाइन प्लेटफार्म अनुचित तात्कालिकता, जबरन कार्रवाई, छिपी हुई लागत आदि जैसी रणनीति अपनाते हैं। यह ऐसी रणनीति है जिसकी अधिकांश ग्राहक तुरंत पहचान नहीं कर पाते हैं। इसका उद्देश्य आपकी व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित करना भी हो सकता है।

### डार्क पैटर्न के उदाहरण

- किसी वीडियो या विज्ञापन को जबरन चलाए रखना, भले ही आप उसे देखना न चाहें
- किसी वेबसाइट को खंगालने पर तुरंत अकाउंट बनाकर जरूरी जानकारी मांगना
- किसी खरीदी हुई वस्तु को कैंसिल नहीं होने देना। बिना खरीदे वेबसाइट से बाहर न आने देना
- किसी भी प्लेटफार्म का फ्री ट्रायल खत्म होने के बाद बिना किसी सूचना के क्रेडिट या डेबिट कार्ड से शुल्क वसूली शुरू कर देना
- किसी ई-कामर्स वेबसाइट पर खरीदारी के समय खरीदी गई वस्तु के साथ कोई अन्य वस्तु अपने आप कार्ट में जुड़ जाना

### क्या कहती है सर्वे रिपोर्ट

**30** करोड़ से ज्यादा लोग आनलाइन प्लेटफार्म से खरीदारी करते हैं देश में हर वर्ष

**63%** आनलाइन भुगतान करने वाले ग्राहकों दे रहे छिपा हुआ शुल्क

**73%** प्लेटफार्म जबरन खरीदारी वाले तरीकों का करते हैं इस्तेमाल

**12** दिग्गज ई-कामर्स, क्विक-कामर्स, ट्रैवल प्लेटफार्म का किया गया विश्लेषण

**74%** खरीदारों ने निष्पक्ष, पारदर्शी प्रक्रिया वाले प्लेटफार्म को ज्यादा पैसे देने की इच्छा जताई

### सरकार के उपाय



भारत सरकार ने उपभोक्ताओं को आनलाइन धोखाधड़ी और भ्रामक डिजाइन यानी डार्क पैटर्न से बचाने के लिए 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019' के तहत सख्त नियम लागू किए हैं। सरकार ने ई-कामर्स प्लेटफार्म्स पर 13 प्रकार के डार्क पैटर्न पर प्रतिबंध लगाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भी 'डार्क पैटर्न की रोकथाम और विनियमन हेतु दिशा-निर्देश' जारी किए हैं, जो सभी आनलाइन प्लेटफार्म्स और विज्ञापनदाताओं पर लागू होते हैं।

## एक नजर में

### एचडीएफसी बैंक ने कर्ज से जुड़ा ब्याज बढ़ाया

**नई दिल्ली :** एचडीएफसी बैंक ने अपनी मार्जिनल कास्ट आफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में 10 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद दो साल की परिपक्वता अवधि वाले लोन का ब्याज बढ़कर 8.55 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 8.45 प्रतिशत था। नई दर आठ जून से प्रभावी हो गई है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, एक वर्ष की अवधि वाले लोन पर एमसीएलआर पांच आधार अंक बढ़कर 8.40 प्रतिशत हो गई है। (प्रेट्र)

### विमान ईंधन के मूल्य में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली :** तेल वितरण कंपनियों ने मंगलवार को विमान ईंधन यानी एटीएफ के मूल्य में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। सरकार ने कीमतों को स्थिर रखने की एक योजना शुरू की है, जिसके तहत घरेलू एयरलाइंस को तीन साल तक के लिए ईंधन एक निश्चित दर पर दिया जाएगा। इसका मकसद एयरलाइंस और यात्रियों को वैश्विक तेल कीमतों में होने वाले बड़े उतार-चढ़ाव से बचाना है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, घरेलू एयरलाइंस के लिए विमान ईंधन की कीमत अब 104.927 रुपये से बढ़कर 115 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। (प्रेट्र)

### आइपीओ के जरिये 8,010 करोड़ रुपये जुटाएगी जेप्टो

**नई दिल्ली :** क्विक कामर्स कंपनी जेप्टो ने मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास अपडेटेड आइपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं और इसके मुताबिक नए शेयर जारी करके और आफर फार सेल के जरिये वह कुल 8,010 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। जेप्टो के सह संस्थापक अदिति पालिचा और कैवल्य वोहरा कंपनी के आने वाले आइपीओ में अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इश्यू का कुल आकार लगभग 11,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उम्मीद है कि जेप्टो जुलाई में आइपीओ लांच करेगी। वहीं, चैटजीपीटी बनाने वाली ओपेनएआइ ने अमेरिकी शेयर बाजार में गोपनीय तरीके से आइपीओ के लिए दस्तावेज जमा किए हैं। (प्रेट्र)

# यूपीआइ से होने वाले छोटे लेनदेन से बैंक परेशान

## भुगतान प्रोसेस की बढ़ती लागत से बैंकों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ, आरबीआइ से शुल्क लगाने की मांग

जयप्रकाश रंजन • जागरण

- बैंकों ने आरबीआइ से कहा, 1000 रुपये से ऊपर के यूपीआइ भुगतान पर लगाया जाए शुल्क
- कुल प्रचलित मुद्रा में दो, पांच और दस रुपये के नोटों की हिस्सेदारी लगातार हो रही कम

**नई दिल्ली:** ग्राहक पांच, सात और दस रुपये का भुगतान यूपीआइ के जरिये करने को ज्यादा संतोषजनक मानते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि उन्हें जेब में खुले पैसे रखने की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, ग्राहकों के इस रवैये से बैंक बहुत परेशान हैं, क्योंकि उनकी भुगतान को प्रोसेस करने की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। इस बारे में दैनिक जागरण ने आरबीआइ के अधिकारियों से बात की तो उनका कहना है कि बैंकिंग प्रणाली में छोटे नोटों की किल्लत है, जिसके चलते यूपीआइ के जरिये इस तरह के भुगतान बढ़े हैं। उनका कहना है कि छोटे नोटों की किल्लत को दूर करने में दो वर्ष का समय लग सकता है।

29 मई, 2026 को जारी आरबीआइ की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि 31 मार्च 2026 को कुल प्रचलित बैंक नोटों में दो और पांच मूल्यवर्ग के नोटों की हिस्सेदारी घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई, जो पिछले वर्ष 7.5 प्रतिशत थी। इसी तरह से 10 और 20 मूल्यवर्ग के नोटों की हिस्सेदारी भी इस दौरान घटकर क्रमशः 17 प्रतिशत से 16.1 प्रतिशत और 9.1 से 8.2 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि कुल प्रचलित मुद्रा में 500 और 100 रुपये की हिस्सेदारी बढ़ी है लेकिन छोटे नोटों की हिस्सेदारी लगातार कम होती जा रही है। बैंकिंग सूत्रों का कहना है छपाई की लागत बढ़ने के साथ ही वितरण की कमी भी एक कारण है कि बाजार में इन छोटे मानकों के नोटों की उपलब्धता नहीं बढ़ पा रही है। यूपीआइ ट्रांजेक्शन पर बैंकों का औसतन खर्च 1-2 रुपये का होता है। वैसे एनपीसीआइ का प्रति ट्रांजेक्शन खर्च बहुत ही कम होता है लेकिन जैसे जैसे संख्या बढ़ रही है, वैसे वैसे बैंकों को इसके मुताबिक अपने आइटी सिस्टम पर ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ रही है।

**एटीएम अपग्रेड करने के लिए तैयार नहीं हैं बैंक :** यूपीआइ भुगतान पर ग्राहकों को कुछ नहीं देना पड़ता लिहाजा पूरी लागत बैंकों को उठानी पड़ती है। बैंक आरबीआइ से लगातार अपील कर रहे हैं कि एक निश्चित सीमा (जैसे 1000 रुपये) के बाद यूपीआइ इस्तेमाल पर शुल्क लगाने की अनुमति दी जाए। आरबीआइ इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, लेकिन अंतिम फैसला केंद्र सरकार लेगी।

आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कुछ समय पहले कहा था कि यूपीआइ हमेशा शुल्क मुक्त नहीं रह सकता है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि फिलहाल यूपीआइ पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस बीच आरबीआइ ने बैंकों को निर्देश दिया था कि वह 50-100 के नोटों को ज्यादा वितरित करने की व्यवस्था करें। हालांकि, इसके लिए बैंकों को एटीएम को अपग्रेड करना होगा और इसका वित्तीय खर्च ज्यादा है और इसके लिए कई बैंक तैयार नहीं हैं।




### पिछले वर्ष यूपीआइ से 314 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन

यूपीआइ के जरिये छोटे लेनदेन किस तरह बढ़ते जा रहे हैं, इसको एनपीसीआइ के आंकड़ों से भी समझ सकते हैं। 2025-26 में यूपीआइ के जरिये कुल लेनदेन का मूल्य 314 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। हर महीने 20 अरब से ज्यादा लेन-देन हो रहे हैं। कारोबारियों को होने वाले भुगतान में 86 प्रतिशत हिस्सा 500 रुपये से नीचे का है। अगर 200 रुपये से नीचे की लेन-देन की बात करें तो इनकी हिस्सेदारी 70 प्रतिशत तक है। मई 2026 में यूपीआइ के जरिये रिकार्ड 29.90 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए हैं, जबकि लेनदेन की संख्या 23.2 अरब रही है।

## फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का विकास अनुमान घटाया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी का मानना है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते सितंबर और दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो जाएगी। फिच का अनुमान है कि बढ़ती कीमतें वास्तविक आय को कम कर रही हैं और उपभोक्ताओं द्वारा किए जाने वाले खर्च को घटा रही हैं। हालांकि, पूंजीगत खर्च मजबूत बना हुआ है।

पिछले सप्ताह आरबीआइ ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को घटाकर जहां 6.6 प्रतिशत कर दिया था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा सुस्ती चालू वित्त वर्ष की दूसरी और तीसरी तिमाही में दिखेगी। फिच को उम्मीद है कि महंगी ऊर्जा का असर कम होने के साथ विकास दर में तेजी आएगी।

## भविष्य में इंसानी वर्कफोर्स की बराबरी कर सकते हैं एआइ एजेंट

- टीसीएस चेयरमैन ने कहा, एजेंट और कर्मचारी साथ काम करेंगे
- कंपनी की कर्मचारियों की संख्या कम करने की कोई योजना नहीं

**बेंगलुरु, रायटर:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की सालाना आम बैठक (एजीएम) में कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि भविष्य में एआइ एजेंटी इंसानी वर्कफोर्स की बराबरी कर सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आइटी कंपनियों की वर्कफोर्स में कर्मचारियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) एजेंटों की संख्या बराबर होगी।

उन्होंने कहा कि टीसीएस कर्मचारियों की संख्या कम करने की योजना नहीं बना रही है, लेकिन नई भर्तियां धीमी कर देगी। पिछले साल जुलाई में कंपनी ने 12,000 से ज्यादा नौकरियां कम की थीं। चंद्रशेखरन ने कहा, अगर कंपनी में पांच लाख कर्मचारी हैं, तो वह दिन दूर नहीं जब कंपनी में पांच लाख एआइ एजेंट भी होंगे। कंपनी के कर्मचारी और एआइ एजेंट मिलकर काम करेंगे और यही भविष्य होगा।

भारत का 315 अरब डालर का सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) सेक्टर निवेशकों की इस चिंता से जूझ रहा है कि एआइ उसके पारंपरिक और ज्यादा लोगों पर निर्भर बिजनेस माडल को बदल सकता है। चंद्रशेखरन ने कहा कि एआइ एजेंट का इस्तेमाल बढ़ने से टीसीएस और पूरे आइटी सेक्टर में नौकरी पाने वाले लोगों की संख्या कम हो जाएगी। इसका कारण यह है कि अभी जो काम इंसान करते हैं, उनमें से कुछ काम अब आटोमेटेड हो जाएंगे। 2026 में अब तक टीसीएस के शेयरों में 32 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। वहीं, निफ्टी के आइटी सूचकांक में करीब 25 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# आयात शुल्क में वृद्धि से फिर बढ़ रही सोने की तस्करी

**मुंबई, रायटर:** सोने के आयात शुल्क में पिछले महीने की गई बढ़ोतरी देश में इस कीमती धातु की तस्करी को फिर बढ़ावा दे रही है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि 2026 में तस्करी कर भारत लाए जाने वाले सोने की मात्रा 100 टन को पार कर सकती है। ग्रे मार्केट (अनधिकृत बाजार) में तस्कर छूट के साथ सोने की बिक्री कर रहे हैं। इससे बैंकों और सोना रिफाइनर्स पर दबाव बन रहा है।

चीन के बाद भारत दुनिया का सबसे बड़ा सोने का बाजार है। मांग को नियंत्रित करने, व्यापार घाटे में कमी लाने और रुपये पर दबाव कम करने के लिए केंद्र सरकार ने मई में आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। लेकिन इस कदम ने तस्करों के लिए अवसर सृजित कर दिए हैं। तस्कर सोने का ऐसा मूल्य पेश कर रहे हैं, जिनसे वैध आयातक मुकाबला नहीं कर सकते हैं।

सोना आयात करने वाले एक निजी बैंक के सराफा विभाग के प्रमुख का कहना है कि ग्रे मार्केट में सोने पर छूट 200 डालर प्रति औंस या चार प्रतिशत से अधिक हो गई है, जबकि बैंकों ने 10 डालर की छूट भी नहीं दी है। अन्य डीलर्स का भी कहना है कि ग्रे मार्केट ज्यादा छूट से संकेत मिलता है कि वर्ष 2026 में अवैध आयात 100 टन को पार कर सकता है।

अभी 100 टन सोने की कीमत करीब 14.35 अरब डालर होगी। यदि इतना सोना तस्करी से आता है तो सरकार को शुल्क और बिक्री कर के रूप में करीब 2.65 अरब डालर का नुकसान होगा। तस्कर सोने पर आयात शुल्क और जीएसटी नहीं चुकाते हैं, जो करीब 18.45 प्रतिशत है।

### एक किलो सोने पर 25 लाख रुपये का लाभ

एक डीलर का कहना है कि एक किलो सोने पर तस्करों को करीब 25 लाख रुपये का लाभ हो सकता है। ऐसे में स्वाभाविक है कि लोग जल्दी पैसे कमाने की कोशिश करेंगे। वर्ष 2023 में देश में 156.1 टन सोना तस्करी के जरिये आया था। 2024 में सोने के आयात पर शुल्क कम किया गया। तब तस्करी कर लाए गए सोने की मात्रा घटकर 69.2 टन और 2025 में 20.4 टन रह गई। आयात शुल्क में कटौती से पहले एक दशक तक हर वर्ष औसतन 108 टन सोना तस्करी के जरिये लाया जाता था।



- ग्रे मार्केट में सोने पर छूट 200 डालर प्रति औंस पर पहुंची
- 2026 में 100 टन को पार कर सकता है सोने का अवैध आयात
- सरकार को 2.65 अरब डालर के राजस्व का नुकसान संभव
- मई में छह से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया सोने पर आयात शुल्क

### अप्रैल 2026 में 45.6 टन सोने का आयात किया

अप्रैल 2026 में भारत का सोना आयात 45.6 टन रहा है। बैंकों और रिफाइनर्स ने गहरी छूट के बीच विदेश से सोने की खरीदारी को कम कर दिया है। ग्रे मार्केट की भारी छूट ने वैध व्यापार को बाधित किया है, जिससे वैध सोने पर घरेलू छूट 100 डालर प्रति औंस से अधिक हो गई है। सीजीआर मेटलायज के प्रबंध निदेशक जेम्स जोस का कहना है कि सोने के रिफाइनर आमतौर पर लगभग 0.65 प्रतिशत के मार्जिन पर काम करते हैं। अब छूट उस स्तर से काफी ऊपर है। इसलिए रिफाइनर्स के पास आयात करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है।

## राष्ट्रीय फलक

# टाटा के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने अब एसआरटीटी के कामकाज पर उठाए सवाल

- ट्रस्ट्स के पूर्व ट्रस्टी ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली, एएनआइ :** टाटा ट्रस्ट्स के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स के गवर्नेंस को लेकर अपनी चुनौती को और बढ़ा दिया है। अब उन्होंने सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) के कामकाज के खिलाफ महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के सामने नई शिकायत दर्ज कराई है। एसआरटीटी उन दो मुख्य टाटा ट्रस्ट्स में से एक है, जिनकी टाटा संस में कुल मिलाकर लगभग 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा ट्रस्ट्स के बड़े नेटवर्क के पास कुल मिलाकर टाटा संस की लगभग 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

मेहली मिस्त्री इससे पहले ट्रस्टियों की दोबारा नियुक्ति और योग्यता को चुनौती देने और टाटा चैरिटेबल संस्थान में वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह की ट्रस्टीशिप पर सवाल उठा चुके हैं। ताजा शिकायत में मिस्त्री ने नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह समेत पांच ट्रस्टियों को हटाने की मांग की है। उन पर वित्तीय गड़बड़ी, भरोसेमंद जिम्मेदारियों का उल्लंघन और गवर्नेंस के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। उन्होंने स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त करने की मांग भी की है। मिस्त्री का दावा है कि टाटा संस बोर्ड में ट्रस्ट के नामित निदेशक के तौर पर नोएल टाटा ने टाटा लिमिटेड (टीआइएल) में 1,000 करोड़ी इक्विटी डालने को मंजूरी देने वाले प्रस्ताव में हिस्सा लिया।

### तीन ट्रस्टियों पर प्रस्तावों के खिलाफ काम करने का आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह ने बाद में ट्रस्ट द्वारा एकमत से पास किए गए प्रस्तावों के खिलाफ काम किया। मिस्त्री ने आरोप लगाया कि तीनों ट्रस्टियों को टाटा संस को एक गैर-सूचीबद्ध कंपनी बनाए रखने के लिए शापूरजी पलोनजी समूह के साथ जुड़ने के लिए एकमत से अधिकार दिए गए। इसके बावजूद तीनों ट्रस्टियों ने बाद में कंपनी को सूचीबद्ध करना का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया।

## 200 करोड़ की रंगदारी से जुड़े मामले में दो आरापितों को मिली जमानत

**जासं, नई दिल्ली :** रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर व मालविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े मामले में हाई कोर्ट ने आरोपित दीपक रामनानी और प्रदीप रामदानी को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने कहा कि अपराधों में दीपक और प्रदीप द्वारा काटी गई हिरासत की अवधि को देखते हुए कोर्ट की राय में दोनों जमानत पाने के हकदार हैं। ट्रायल में देरी हो रही है और मामले में फैसला आने में वक्त लगेगा। कोर्ट ने आरोपितों को ढाई-ढाई लाख रुपये के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के दो जमानती पर सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। दीपक व प्रदीप की तरफ से तर्क दिया गया था कि वे लंबे समय से हिरासत में हैं। ऐसे में अन्य आरोपितों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## एचडीएफसी बैंक को बयान देने से रोकने की लीलावती ट्रस्ट की याचिका खारिज

- बांबे हाई कोर्ट ने लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट पर लगाया पांच लाख रुपये जुर्माना

**मुंबई, प्रेट्र :** बांबे हाई कोर्ट ने लीलावती अस्पताल चलाने वाले लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट की अंतरिम याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। याचिका में एचडीएफसी बैंक, उसके प्रबंध निदेशक और सीईओ शशिधर जगदीशन और अन्य लोगों को ट्रस्ट और उसके सदस्यों के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

'लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट' ने बैंक से 1,000 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करते हुए मानहानि के मुकदमे में अंतरिम याचिका दायर की थी। ट्रस्ट का आरोप है कि बैंक और उसके वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया एवं इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर ऐसे बयान जारी किए, जिनसे ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। जस्टिस सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए यह कहा कि बयान मानहानि करने वाले नहीं थे और असल में तथ्यों के लिहाज से सही थे। अदालत ने ट्रस्ट पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया, जिसका भुगतान एचडीएफसी को करना होगा। पीठ ने कहा कि एचडीएफसी का यह बयान कि ट्रस्ट और उसके ट्रस्टी प्रशांत पर बैंक का पैसा बकाया है, तथ्यों के आधार पर सही था और इसलिए यह सच बोलने के दायरे में आता है। ये बयान इसलिए देने पड़े, क्योंकि एचडीएफसी व उसके अधिकारियों पर मीडिया में लेख प्रकाशित करने का अभियान चलाया जा रहा था।

## जेपी इंफ्राटेक मामले में ईडी ने दो कंपनियों की 100 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** ईडी ने जेपी इंफ्राटेक से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कंपनियों की करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं।। ईडी के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की गई इस कार्रवाई के तहत जेसी वर्ल्ड हास्पिटैलिटी की 40 करोड़ व इन्वेस्टर्स क्लिनिक इंफ्राटेक की 60 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के प्रविधानों के तहत की गई है। यह कुर्की जेपी इंफ्राटेक, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और अन्य संस्थाओं के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है। मामला वित्तीय अनियमितताओं, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग व घर खरीदारों संग धोखाधड़ी से संबंधित है।

**कल्पमेधा**

*जब खुशी का एक दरवाजा बंद होता है, तो दूसरा खुल जाता है। मगर हम अक्सर बंद दरवाजे की तरफ काफी देर तक देखते रहते हैं और जो हमारे लिए खुला है, उसको नहीं देखते।*

*– हेलेन केलर*

## कसौटी पर शुचिता

पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का जैसा रुख देखने में आ रहा है, उससे एक बार फिर यही साफ होता है कि देश की राजनीति में अब सुविधा और तात्कालिक लाभ की प्रवृत्ति तेजी से हावी होती जा रही है। इस क्रम में शुचिता, नैतिकता और सिद्धांतों की जगह सिकुड़ती जा रही है और कुछ नेताओं के लिए सत्ता का संरक्षण तथा उसकी सुविधा ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो चुकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में अट्ठावन विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होने की घोषणा कर दी थी। अब पार्टी के बीस सांसदों ने भी बागी रुख अख्तियार करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ राजग का समर्थन करने का फैसला किया है। हालांकि अलग हुए विधायकों ने खुद को इन सांसदों से अलग बताया है, लेकिन इतना साफ है कि पश्चिम बंगाल में हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण कमजोर हुआ है और सबको साथ या एकजुट रख पाना उनके लिए मुश्किल साबित हो रहा है।

तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अपने तर्क हैं और उनका कहना है कि वे पार्टी के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती! लोकतंत्र के लिए इस तरह की चिंता तभी क्यों सामने दिखती है, जब चुनाव में किसी पार्टी की हार हो जाती है? यों देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी नेता को यह अधिकार है कि एक पार्टी में शामिल होने या उससे अलग होने के बारे में वह खुद क्या तय करता है। इस लिहाज से देखें, तो तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अलग-अलग समूहों का पार्टी से नाता तोड़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। मगर यही जब सत्ता के साथ जुड़े रहने की सुविधा से जुड़ जाता है, तो लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ-साथ कुछ सैद्धांतिक जिम्मेदारियों से जुड़े सवाल भी खड़े होते हैं। यह बेवजह नहीं है कि अलग होने वाले सांसदों को तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह चुनौती दी गई है कि अगर उनके लिए सिद्धांत और नैतिकता की कोई अहमियत है, तो उन्हें इस्तीफा देकर फिर से चुनाव जीत कर आना चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों से मजबूत सैद्धांतिक असहमति के बिना भी अपनी मूल पार्टी से अलग होने की एक विचित्र रिवायत-सी बनती चली जा रही है। कई नेता जिस पार्टी और उसकी नीतियों के प्रति अपनी आस्था जाहिर कर जनता से समर्थन मांगते हैं और चुनाव में जीत हासिल करते हैं, उसे एक झटके में छोड़ देने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, बशर्ते अपेक्षया ज्यादा लाभ और सुरक्षा का आश्वासन मिले। करीब चार वर्ष पहले महाराष्ट्र में सिर्फ सत्ता के लिए शिवसेना से अलग हुए गुट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी के साथ खड़ा होना ज्यादा बेहतर समझा था। विडंबना यह है कि चूंकि दल-बदल कानून के तहत दो-तिहाई सदस्यों के अलग होने को तकनीकी तौर पर गलत नहीं माना जाता, इसलिए ऐसे नेताओं के सामने कोई अड़चन पेश नहीं आती। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर जिस तरह की उथल-पुथल चल रही है, वह भारतीय राजनीति में जड़ पकड़ चुकी ऐसी राजनीति का एक और उदाहरण है, जिसमें नीतियों और सिद्धांतों के आधार पर मतदाताओं का समर्थन तथा शुचिता पर आधारित लोकतांत्रिक परंपरा की उम्मीद बेमानी हो रही है।

## शुल्क से राहत

अमेरिका में नौकरी का सपना संजोए कुशल भारतीय पेशेवरों की उम्मीदें फिर से जिंदा हो गई हैं। वहां की एक संघीय अदालत के फैसले ने एच-1बी वीजा पाने की उनकी राह फिलहाल आसान कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पिछले साल इस वीजा के आवेदन पर लगाए गए एक लाख डालर के शुल्क को अदालत ने अवैध करार दिया है। साथ ही कहा कि इसके लिए अमेरिकी कांग्रेस से विधिवत मंजूरी नहीं ली गई थी। इस फैसले को भारत समेत अन्य देशों में ही नहीं, बल्कि अमेरिकी समाज के एक वर्ग में भी रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली के लिए न्यायसंगत कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह बात छिपी नहीं है कि कुशल वैश्विक प्रतिभाओं का अमेरिका के प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा एवं उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है और यह एच-1बी वीजा से ही संभव हो पाया है। मगर, ट्रंप प्रशासन 'अमेरिका प्रथम' की नीति के जरिए वहां की कंपनियों पर दूसरे देशों से कुशल पेशेवरों की आवक को कम करने का दबाव बनाते रहे हैं।

एच-1बी एक अस्थायी प्रवास वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को उन विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। वहां की प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रत्येक वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों की संख्या में कुशल कर्मियों की भर्ती के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। अमेरिका की ओर से हर साल करीब पैंसठ हजार एच-1बी वीजा जारी किए जाते हैं और इसे पाने वालों में भारतीय पेशेवरों की तादाद अच्छी-खासी होती है। मगर, ट्रंप प्रशासन ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि जो कंपनियां इस श्रेणी के वीजा पर किसी विदेशी पेशेवर को नौकरी देंगी, उन्हें एक लाख डालर का शुल्क देना होगा। जबकि पहले यह राशि दो हजार से पांच हजार डालर तक थी। उसके बाद से न केवल एच-1बी वीजा पाने वालों की संख्या में खासी कमी आई, बल्कि अमेरिका में कार्यरत कई भारतीयों को स्वदेश लौटना पड़ा। मगर, अब संघीय अदालत की ओर से इस आदेश को रद्द कर दिए जाने से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिली है।

# तंबाकू की लत और व्यवस्था की चुप्पी



**देश में तंबाकू हर साल लगभग तेरह लाख लोगों की जान लेता है। तंबाकू उत्पादों की लत सिर्फ व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि इससे समाज भी प्रभावित होता है।**

**प्रीति अज्ञात**

हमने पढ़ना तो सीख लिया है, लेकिन सावधानी और चेतावनी के संकेतों को समझना एवं उन्हें गंभीरता से लेना अभी भी नहीं सीख पाए हैं। तंबाकू उत्पादों पर डरावनी तस्वीरों के साथ चेतावनी लिखी होती है, मगर उन पर शायद ही कोई ध्यान देता है। अगर नजर पड़ भी जाए, तो उसे अनदेखा कर दिया जाता है। यह कहना उचित नहीं है कि तंबाकू उत्पादों की लत सिर्फ व्यक्तिगत समस्या है, बल्कि इससे समाज भी प्रभावित होता है। तंबाकू का सेवन करने वाले सड़कों, दीवारों से लेकर हर कोने-कूचे में गंदगी फैलाने से परहेज नहीं करते। यह किसी एक व्यक्ति की असभ्यता का प्रमाण नहीं, बल्कि सामूहिक विफलता का द्योतक है। यह उस नीति और व्यवस्था का प्रतीक है, जो चेतावनी तो देती है, पर रोकने का साहस नहीं जुटा पाती। यह उस समाज का दर्पण है, जो खतरे को जानता है, पर आदत और सुविधा के आगे घुटने टेक देता है। यह विचित्र विडंबना है कि तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर ऐसी भयावह तस्वीरें होती हैं, जिन्हें देखकर कोई व्यक्ति सिहर उठे और अपनी आंखें मीच ले। मगर, तंबाकू का सेवन करने वालों पर इसका कोई असर नजर नहीं आता है। ऐसे में चेतावनी का कितना महत्त्व है, इस पर तो सवाल उठता ही है, लेकिन व्यवस्था की चुप्पी उससे कहीं अधिक खलती है।

विभिन्न अध्ययनों के मुताबिक, भारत में तंबाकू हर साल लगभग तेरह लाख लोगों की जान लेता है। मुख के कैंसर के मामलों में भारत दुनिया में अग्रणी देशों में गिना जाता है और इसका सबसे बड़ा कारण चबाने वाला तंबाकू है। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि टूटते परिवारों, अधूरे सपनों और उन चेहरों की अधूरी कहानियां हैं, जो धीरे-धीरे अपनी पहचान खो देते हैं। सरकारी अस्पतालों के कैंसर वार्ड में भर्ती हर वह आदमी, जो स्वयं को देखने से बचता है, मात्र एक मरीज नहीं है। वह उस पूरे तंत्र की विफलता को दर्शाता है, जो वर्षों तक उसे सस्ता नशा उपलब्ध कराता रहा, पर उससे बाहर निकलने का कारगर रास्ता नहीं दे सका। सिनेमा हाल में दिखाए जाने वाले तंबाकू निषेध संबंधी विज्ञापनों को याद किया जा सकता है। इसके दृश्य इतने वितृष्णापूर्ण होते हैं कि हम असहज होकर आंखें फेर लेते हैं। यानी हम जिस सच्चाई को एक क्षण नहीं देख पाते, उसी सच्चाई को कुछ लोग अपने नियमित जीवन में जीते रहते हैं।

सवाल है कि जब परिणाम इतने गंभीर हैं, तो तंबाकू उत्पादों पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही? क्या इन उत्पादों पर चेतावनियां चस्पां कर देना ही पर्याप्त है? और क्या इस तरह की चेतावनी का जमीनी स्तर पर कोई असर हो भी रहा है? यह स्थिति किसी ऐसे जहर की बोतल जैसी है, जिस पर 'स्वास्थ्य के लिए हानिकारक' की चेतावनी तो लिखी है, फिर भी उसे सहजता से खुले बाजार में बेचा जा रहा है। क्या उत्तरदायित्व के निर्वाह का यही एक औपचारिक तरीका है कि चेतावनी चस्पां कर दीजिए और फिर सब कुछ सामान्य रूप से चलने दीजिए। तंबाकू उत्पादों के प्रति आकर्षण सावधानी से रचा गया एक भ्रम है। ऐसा भ्रम जो इसके रंगीन पैकेट और सुगंधित स्वाद की थोथी छवि में छिप जाता है। यही वजह है कि इसकी सामाजिक स्वीकार्यता बनी हुई है।



हालांकि, तंबाकू उत्पादों की खरीद एवं बिक्री के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उनका प्रभाव भी कागजों में ही सिमट कर रह जाता है। ये उत्पाद रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, सरकारी कार्यालयों एवं अस्पतालों के बाहर और विद्यालयों के आसपास आसानी से मिल जाते हैं। यह सच है कि जब कोई

> **कुछ राज्यों ने तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की पहल की है, लेकिन वह भी पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो पा रही है। कहीं चोरी-छिपे इन उत्पादों की बिक्री हो रही है, तो कहीं तंबाकू उत्पाद नाम और रूप बदलकर फिर बाजार में लौट आते हैं। यानी समस्या समाप्त नहीं होती, सिर्फ अपना चेहरा बदल लेती है। कई बार तंबाकू की लत कठिन श्रम, तनाव, और सामाजिक परिस्थितियों से जुड़ी होती है। मगर यह भी उतना ही सच है कि कठिन परिस्थितियों में नशीले पदार्थों का सहारा लेना समस्या का हल नहीं हो सकता। इसलिए समाधान दोषारोपण में नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़े होकर उसकी मदद करने में है।**

वस्तु हर जगह दिखाई देने लगे, तो उस पर प्रश्न उठना स्वतः ही बंद होने लगता है और यही सबसे संकटपूर्ण स्थिति है। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य का संकट है, जो हमारी स्वास्थ्य-व्यवस्था पर सवाल उठाता है। हम जानते हैं कि इस समस्या की जड़ किसी लत में नहीं, बल्कि एक जटिल आर्थिक और नीतिगत ढांचे में भी छिपी है।

तंबाकू उद्योग से लाखों किसान, श्रमिक और छोटे दुकानदार जुड़े हैं। सरकार को इससे हर वर्ष बड़े पैमाने पर राजस्व मिलता है। यानी एक तरफ स्वास्थ्य का संकट है, दूसरी तरफ आर्थिक निर्भरता। इसी द्वंद्व के कारण सरकारी नीतियां आधा रास्ता तय करने के बाद इसी चौराहे पर आकर ठहर जाती हैं।

कुछ राज्यों ने तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की पहल की है, लेकिन वह भी पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो पा रही है। कहीं चोरी-छिपे इन उत्पादों की बिक्री हो रही है, तो कहीं तंबाकू उत्पाद नाम और रूप बदलकर फिर बाजार में लौट आते हैं। यानी समस्या समाप्त नहीं होती, सिर्फ अपना चेहरा बदल लेती है। यह तर्क भी दिया जाता है कि तंबाकू उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध से उसका अवैध बाजार बढ़ेगा। इस आशंका का तार्किक आधार हो सकता है, लेकिन क्या इस डर के कारण हम समस्या को जस का तस स्वीकार कर लें? क्या यह इस तथ्य की स्वीकारोक्ति नहीं कि हम समाधान से ज्यादा उसकी कठिनाई से डर रहे हैं? सच तो यह है कि समाधान किसी एक निर्णय में नहीं, बल्कि कई स्तरों पर एक साथ काम करने में निहित है। सर्वप्रथम उत्पादन और वितरण पर कड़ा नियंत्रण करना होगा। इसके साथ ही तंबाकू किसानों के लिए वैकल्पिक आजीविका के ठोस विकल्प तलाशने होंगे। नशा मुक्ति केंद्रों की सुलभता और उनकी सामाजिक स्वीकार्यता के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने होंगे।

सबसे महत्त्वपूर्ण यह समझना है कि तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूकता केवल विज्ञापन या चेतावनियों से ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक स्तर पर फैलानी होगी। क्योंकि जब कोई बड़ी शख्सियत या प्रभावशाली चेहरा स्वयं तंबाकू का सेवन करता है, तो उसका हर संदेश फीका और कमजोर पड़ जाता है। आचरण और संदेश के बीच की यह दूरी भरोसे को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। जब कोई व्यक्ति तंबाकू उत्पादों की लत का शिकार होता है, तो उसका असर केवल उसके शरीर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और आसपास के अन्य लोगों पर भी इसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारी के इलाज का खर्च, मानसिक तनाव, रोजमर्रा की अनिश्चितता और कई बार असमय मृत्यु का सामना, यह सब एक परिवार को मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर कर देता है।

तंबाकू के सेवन का अभ्यस्त व्यक्ति उसी समाज का हिस्सा होता है, जो उसे यह लत तो देता है, पर उससे बाहर निकलने के लिए पर्याप्त सहारा नहीं देता। कई बार यह लत कठिन श्रम, तनाव, और सामाजिक परिस्थितियों से जुड़ी होती है। मगर यह भी उतना ही सच है कि कठिन परिस्थितियों में नशीले पदार्थों का सहारा लेना समस्या का हल नहीं हो सकता। इसलिए समाधान दोषारोपण में नहीं, बल्कि साथ खड़े होने में है। 'स्वच्छ भारत' अभियान को केवल झाड़ू लगाने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसमें बुरी आदतों को सुधारने, स्वस्थ मानसिकता से जीने और नशे से दूर रहने के पहलुओं को शामिल करने की भी जरूरत है। मगर व्यवस्था की चुप्पी इस तथ्य को कब जनता के सामने स्थापित करेगी, यह देखने वाली बात है।

# मौन रुदन

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

बचपन की यादों के किसी कोने में आज भी वह एक दृश्य ठहरा हुआ है- गांव की चौहद्दी पर लगे मेले की धूल, तपती गर्मी और उस सबके बीच से गुजरती एक पुरानी, चरमराती साइकिल। उस साइकिल के पीछे कैरियर पर बंधी एक बांस की खपच्ची, जिसमें खोंसे हुए रंग-बिरंगे भोंपू, प्लास्टिक की गुड़िया, टिक-टिक करती तीतर-बटेर वाली गाड़ियां और हवा में लहराती लाल-पीली पन्नियों की फिरफिरियां। वह महज खिलौने बेचने वाला नहीं था, वह सीधे अपनी पीठ पर खुशियों का पूरा का पूरा संसार लादे चला आता था। उसकी साइकिल की घंटी बजती थी, तो लगता था जैसे पूरे मोहल्ले के बच्चों के फेफड़ों में नई हवा भर गई हो। आज लगता है कि हम सब बड़े क्या हुए, उस साइकिल वाले की पूरी दुनिया ही कहीं खो गई। अब न वह घंटी सुनाई देती है, न मेले की उस धूल में वह जानी-पहचानी सूरत दिखाई देती है। ऐसा लगता है कि वक्त की तेज रफ्तार ने उस गरीब के पैरों के पैडल ही छीन लिए हैं।

आनलाइन खरीदारी वाले इस नए जमाने में उस गरीब फेरीवाले की पोटली अब कबाड़ का ढेर लगने लगी है। वह हर सुबह उठकर अपनी साइकिल की उतरी हुई चेन चढ़ाता है, जी-तोड़ पैडल मारता है, पर कमबख्त वक्त का पहिया उससे बहुत आगे निकल चुका है। बाजार के इस चमचमाते मलबे के नीचे उसकी उम्मीदें और छोटा-सा हुनर घुटकर दम तोड़ चुके हैं। लोग सच ही कहते हैं कि भूखे भजन न होय गोपाला, पर यहां तो पूरी जिंदगी ही भूख का अंतहीन भजन बन गई है। यह सोच कर किसी का भी कलेजा फट जाए कि जो शख्स दूसरों के बच्चों के होठों पर चंद रुपयों में मुस्कान बिखेरने की जिद में अपनी एड़ियां घिस देता है, उसके अपने मासूम बच्चे रात को अक्सर भूखे पेट, रोते हुए सो जाते हैं। उसकी उस फटी कमीज के मैल और पसीने की गंध में ईमानदारी की आखिरी गवाही बची है, जिसे यह बेरहम दुनिया देखना ही नहीं चाहती।

मेले का मतलब कभी होता था रिश्तों का मिलना, खुशियों का साझा होना, लेकिन अब मेले भी कारपोरेट हो गए हैं। बड़े-बड़े पंडाल, टिकट वाले झूले और वीआइपी पास के बीच उस साइकिल वाले को बाहर से ही खदेड़ दिया जाता है। डांट सुन कर सिर्फ उसकी साइकिल पीछे नहीं हटती, बल्कि उसका आत्मसम्मान भीतर तक लहूलुहान हो जाता है। वह अपनी ढीली पड़ चुकी चप्पल को घसीटता हुआ, सिर झुकाए किसी पेड़ की छांव में जा खड़ा होता है। उसकी वह लाचारी, उसका वह मौन विलाप देखकर आसमान का कलेजा भी कांप उठता होगा। उसने कभी किसी से भीख नहीं मांगी, उसने तो बस अपने पसीने की बूंदों से खिलौने सींचे थे, पर इस बेरहम दुनिया ने उसे उसकी ईमानदारी का यही सिला दिया।

**दुनिया मेरे आगे**

> **आज किसी कारपोरेट मेले के सामने एक साइकिल पर खिलौना बेचने वाले को बाहर से ही खदेड़ दिया जाता है। डांट सुन कर सिर्फ उसकी साइकिल पीछे नहीं हटती, बल्कि उसका आत्मसम्मान भीतर तक लहूलुहान हो जाता है। वह अपनी ढीली पड़ चुकी चप्पल को घसीटता हुआ, सिर झुकाए किसी पेड़ की छांव में जा खड़ा होता है।**

ऐसा लगता है कि वह सिर्फ एक खिलौने बेचने वाला नहीं, बल्कि हमारी गुजर चुकी मासूमियत का आखिरी कफन है, जो धीरे-धीरे मैला हो रहा है। हम जितने आधुनिक हो रहे हैं, उतने ही कसाई होते जा रहे हैं। हमें तरस आता है भूखे जानवरों पर, हम सोशल मीडिया पर संवेदनाओं के समंदर बहा देते हैं, पर सामने खड़े उस जीते-जागते मरते हुए इंसान की सिसकी हमारे कानों तक नहीं पहुंचती। उसकी साइकिल का वह जर्जर ढांचा, जिसका हैंडल अब मुड़ चुका है और जिसकी गद्दी फटकर रुई उगल रही है, ठीक उसकी जिंदगी का आईना है। वह हर रोज सुबह एक नई जंग के लिए निकलता है, यह जानते हुए भी कि इस बाजार में उसकी हार पहले से ही तय है।

अब तो गलियों में उसकी आवाज भी जैसे घुटकर रह गई है। पहले उसकी एक हांक पर पूरा मोहल्ला जीवंत हो उठता था! अब उसकी आवाज कलाई घड़ियों के अलार्म और मोबाइल की रील के शोर में कहीं दफ्न हो गई है। लोग अपने घरों के ऊंचे दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लेते हैं, ताकि बाहर की धूल और वह दरिद्रता भीतर न आ सके। वह बंद दरवाजों को देखता है, अपनी सूखी जीभ से होठों को चाटता है और बिना कुछ कहे आगे बढ़ जाता है। उसकी पीठ झुक गई है, बाल समय से पहले सफेद हो गए हैं और हाथों की नसें इस तरह उभर आई हैं जैसे कोई सूखा हुआ दरख्त हो। वह एक जीता-जागता भूत बन चुका है, जो इंसानों की बस्ती में अपनी खोई हुई जिंदगी ढूंढ़ रहा है।

आखिर में जब वह इतिहास के पन्नों से पूरी तरह गायब हो जाएगा, तब शायद हम उसे याद करें, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। हमने अपनी तरक्की की वेदी पर एक बेहद मासूम और ईमानदार वजूद की बलि चढ़ा दी होगी। जब भी कभी किसी पुरानी अलमारी से वह धूल खाती हुई प्लास्टिक की फिरफिरी मिले, तो यह सोचने की जरूरत है कि इसे बेचने वाले के घर में उस दिन दीया जला था या नहीं। वह साइकिल वाला कोई कहानी का पात्र नहीं है, वह हमारी आंखों के सामने दम तोड़ती हुई एक संस्कृति है, जिसकी मौत पर न कोई मातम मनेगा, न कोई आंसू बहाएगा। बस, हवा में उसकी साइकिल की वह आखिरी घंटी कहीं गूंजकर हमेशा-हमेशा के लिए खामोश हो जाएगी और हम अपनी सजी-धजी दुनिया में मगन रहेंगे, यह भूलकर कि किसी का पूरा वजूद हमारी बेरुखी की भेंट चढ़ गया।




### खतरे में पर्यावरण

आज जिस तरह प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, मनुष्य उसकी कीमत भी चुका रहा है। यह पूरी प्रकृति के लिए बहुत ही खतरनाक है। पर्यावरण से होने वाले नुकसानों से अनजान बने लोग अब भी नींद में सो रहे हैं। उन्हें जगाने के लिए वर्ष में एक दिन के लिए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का कोई औचित्य नहीं है। अब तो हर रोज पर्यावरण दिवस मनाया जाना चाहिए। लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। पर्यावरण को बचाने के लिए अब भी गंभीरता नहीं दिखाई गई, तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती इंसानों के रहने लायक नहीं बचेगी। पर्यावरण दिवस पर ही पर्यावरण बचाने के लिए चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि हर दिन पर चिंतन होना चाहिए। अगर हम पेड़ों को निरंतर काटते रहे और धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ाते रहे, तो क्या हमें प्रकृति की तरफ से भरपूर आक्सीजन मिल सकेगी? शायद नहीं। सत्तर के दशक में पर्यावरण की चिंता करते हुए गढ़वाल के लोगों ने पेड़ों को बचाने के लिए जिस तरह चिपको आंदोलन आरंभ कर दिया था, उसी तरह का आंदोलन चलाने की जरूरत है। अभी भी वक्त है। इंसान को पेड़ों को बचाने के उपाय करने होंगे।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

### संवाद की जरूरत

'हिंसा का सिलसिला' (संपादकीय, 6 जून) पढ़ा। यह सही है कि मणिपुर में लगभग करीब तीन साल से जारी हिंसा का मूल कारण वहां हो रहा सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षा बलों की उदासीनता है। मगर सच यह भी है कि राज्य में हिंसा रोकने के लिए समुचित रूप से गंभीर प्रयास नहीं किए गए। जून 2026 में कांगपोकपी जिले के एक गांव में सशस्त्र हमले में तीन लोगों की मृत्यु हुई तथा कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। समस्या का समाधान केवल सुरक्षा बलों की तैनाती से नहीं निकलेगा। स्थायी शांति के लिए सभी संबंधित समुदायों के बीच विश्वास कायम करने, निरंतर संवाद और निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया आवश्यक है। हिंसा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तथा सामाजिक मेल-मिलाप के कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारों को समन्वित प्रयास करने होंगे।

*– इशरत अली कादरी, भोपाल*

### भ्रष्टाचार का दायरा

'लापरवाही की लपटें' (संपादकीय, 4 जून) पढ़ा। वास्तव में भ्रष्टाचार में लिप्त और न रुकने वाले तंत्र की यह कहानी है जिसमें दिल्ली के वे सभी विभाग शामिल हैं जो कानून तोड़ने, उनकी अवहेलना करने एवं हथेली गरम करने वाले सभी विभागीय अधिकारी शामिल हैं। दिल्ली में अवैध निर्माण नई बात नहीं। भवन निर्माणों में नियमों को ताक पर रख अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करना एक बड़ा भ्रष्टाचार है। यह किसी से छिपा नहीं। इसमें आज तक न तो किसी की गिरफ्तारी हुई और न ही किसी को सजा हुई। नागरिकों की सुरक्षा सिर्फ कोरी बातें हैं? किसी को भी आम नागरिकों की जान की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली के नगर निकायों में उच्च अधिकारियों को जवाबदेह बनाना होगा। उनके इलाके में हादसा होने पर सख्त सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। निगमों के सतर्कता विभागों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी, क्योंकि उनकी नाक के नीचे भ्रष्टाचार होता हैं और वे आंखें मूंद लेते हैं।

*– आरके शर्मा, दिल्ली*

### जोखिम की सड़कें

भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। वर्ष 2022 में एक लाख 68 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं 2023 में 1.72 लाख और 2024 में 1.88 लाख लोगों की जान गई। घायलों और विकलांगों की संख्या अलग है। यह संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। हर दिन पांच सौ से ज्यादा लोग अपनी जान गंवाते हैं। यानी हर घंटे 21 लोगों की मौत हो रही है। यहां पूरे साल चुनाव रैलियां, सभाएं, रोड शो और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इन कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की जरूरत होती है, जिससे यातायात नियंत्रण के लिए कम कर्मी बचते हैं। जबकि राजमार्गों पर भी यातायात नियंत्रण के लिए अधिक कर्मचारियों की जरूरत है। यातायात नियमों को सख्ती से लागू न करने से स्थिति बदतर हो गई है।

*– रमेश कुमार कालरा, लखनऊ*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## अल-नीनो से प्रभावित होने वाले संभावित जिलों की पहचान की

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने देश भर में 197 ऐसे जिलों की पहचान की है जो अल-नीनो के असर से सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने हर राज्य के लिए आपातकालीन योजनाएं तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय किसानों तक पहुंचने के लिए खेत बचाओ अभियान नाम से एक देशव्यापी जागरूकता अभियान भी चला रहा है। चौहान ने पत्रकारों से कहा, 'अल-नीनो को लेकर चिंता मेरे मन में हर समय रहती है। पक्के तौर पर तो नहीं, लेकिन 197 जिलों की पहचान सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले जिलों के तौर पर की गई है।' अल-नीनो मौसम से जुड़ी एक ऐसी घटना है जो ऐतिहासिक रूप से कमजोर मानसून और बारिश में अनिश्चितता से जुड़ी रही है – और इस साल भी यह चिंता बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के लंबे समय के औसत का लगभग 90 फीसद रहने का अनुमान लगाया है।



# रक्षा पर खर्च करने वाला भारत दुनिया का पांचवां बड़ा देश

जनसत्ता विशेष

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डालर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे असामान्य गंभीर सैन्य संकट का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं।

सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का हल्का विस्तार किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संक्षिप्त सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तानी हवाई और मिसाइल ठिकानों पर हमले किए, जिनके परमाणु स्तर तक होने की भी आशंका थी, हालांकि दोनों पक्षों ने तनाव को बढ़ने से रोकने के प्रयास किए। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2026 की शुरुआत तक अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल सहित नौ देशों के पास कुल लगभग 12,187 परमाणु हथियार थे।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका 954 अरब डालर के खर्च के साथ अब भी सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता बना हुआ है, जबकि चीन 336 अरब डालर के साथ दूसरे और रूस 190 अरब डालर के साथ तीसरे स्थान पर है। जर्मनी चौथे स्थान पर और भारत पांचवें स्थान पर है। सिपरी ने कहा कि वर्ष 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2.9 हजार अरब डालर तक पहुंच गया, जो लगातार 11वें वर्ष वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2025 में कई क्षेत्रीय संघर्षों में साइबर अभियानों का उपयोग बढ़ा है।



**सिपरी** वार्षिक आकलन रिपोर्ट जारी भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं।

रिपोर्ट

**सिपरी** के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का हल्का विस्तार किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है।

**अमेरिका** 954 अरब डालर के खर्च के साथ अब भी सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता बना हुआ है, जबकि चीन 336 अरब डालर के साथ दूसरे और रूस 190 अरब डालर के साथ तीसरे स्थान पर है।

# उड़ान में टिकाऊ ईंधन के प्रयोग से मुनाफे में रहेंगे किसान

सर्वेश कुमार

वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट को ध्यान में रखते हुए सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के बाद विमानों में भी टिकाऊ हवाई ईंधन (सैफ) के इस्तेमाल की कवायद तेज हो गई है। इससे ईंधन आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम होने के साथ ही कार्बन उत्सर्जन में सालाना टनों की कमी आएगी जो पर्यावरण के लिहाज से फायदेमंद है। किसानों की आय में भी इजाफा होगा क्योंकि मिश्रित ईंधन के लिए जरूरी इथनाल की मांग बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए उत्पादन में बढ़ोतरी का किसानों को फायदा मिल सकता है।

देश में दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एथनाल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री शुरू होने के बाद एथनाल की मात्रा में धीरे धीरे बढ़ोतरी के बाद ई 85 ईंधन की बिक्री शुरू हो गई है। फ्लैक्स वाहनों को इस तरह बनाया गया है, जिसमें सौ फीसद पेट्रोल या शत-प्रतिशत इथेनाल का इस्तेमाल किया जा सकता है। वाहनों की तर्ज पर विमानों के लिए टिकाऊ विमान ईंधन (सैफ) के उत्पादन के लिए इथेनाल को मिश्रित किया जाएगा। यूरोपीय देशों में बाद भारत में भी टिकाऊ विमान ईंधन 'सैफ' का 2027 से इस्तेमाल शुरू करने की योजना है।

चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के डा देबोजीत पालित के मुताबिक, इंटरनेटशनल सिविल एविएशन आर्गनाइजेशन (आइसीएओ) ने कहा, एटीएफ चूंकि जीवाश्म ईंधन है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक विमान ईंधन में सम्मिश्रण जरूरी है। शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक एक फीसद इथेनाल का सम्मिश्रण किया जाएगा। इसे बढ़ाकर 2030 तक छह फीसद करने का लक्ष्य है।

विमान ईंधन के सम्मिश्रण, घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए फायदेमंद होगा। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी, जीवाश्म ईंधन पर धीरे धीरे निर्भरता भी कम होगी। अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक जैसे जैसे सम्मिश्रण में इथेनाल की मात्रा में बढ़ोतरी होगी, ऊर्जा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी। इसके साथ ही ईंधन का बेहतरीन विकल्प भी सामने आएगा जो लंबे समय तक टिकाऊ और फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए इथेनाल उत्पादन के स्रोतों को बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देना होगा। डा पालित के मुताबिक, फ्लेक्स वाहनों में जरूरत के मुताबिक इथेनाल का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे वाहनों के लिए अलग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाता है जो ईंधन में पेट्रोल, इथेनाल की मात्रा की सेंसर से पहचान कर, खुद ही सामंजस्य बनाने में सक्षम है।



**सड़कों** पर दौड़ने वाले वाहनों के बाद विमानों में भी टिकाऊ हवाई ईंधन (सैफ) के इस्तेमाल की कवायद तेज हो गई है। इससे ईंधन आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम होने के साथ ही कार्बन उत्सर्जन में सालाना टनों की कमी आएगी जो पर्यावरण के लिहाज से फायदेमंद है।

### जैव ईंधन के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की जरूरत

डा पालित के मुताबिक इसके लिए जैव ईंधन के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की जरूरत होगी। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि इथेनाल का उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ यह भी जरूरी है कि कृषि अवशेष या ऐसे कृषि उत्पादों का चयन करें जो इथेनाल के उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ पानी की बचत करने में भी सक्षम है। कृषि अवशेषों से इथेनाल के वाणिज्यिक उत्पादन को बढ़ावा के लिए सभी पहलुओं का पूर्व आकलन किया जाना चाहिए। इंटरनेशनल एअर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आइटा) ने अनुमान जारी किए हैं कि 2026 में वैश्विक स्तर पर (सैफ) का उत्पादन करीब 24 लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है।

# ड्रोन हमलों से बचाएगा, स्वदेशी 'एंटी सिस्टम'

पंकज रोहिला

ड्रोन हमलों से बचाने के लिए भारत ने अपना स्वदेशी तंत्र (एंटी ड्रोन) तैयार कर लिया है। यह ड्रोन जल्द ही सीमा के उन इलाकों में सक्रिय होगा, जहां से लगातार ड्रोन हमलों की सूचनाएं सामने आ रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस तंत्र की मदद से सीमावर्ती इलाकों को ड्रोन हमलों से सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके अतिरिक्त 'स्मार्ट बार्डर' तकनीक भी ड्रोन हमलों को रोकने में मददगार साबित होगी।

देश में पंजाब व सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन हमलों की घटनाओं सामने आई है। इन घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने 'एंटी ड्रोन' और 'स्मार्ट बार्डर ग्रिड' योजना पर काम शुरू किया है। शाह ने कहा कि इसके बेहतर परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगी और हमारे सीमावर्ती इलाके अधिक सुरक्षित भी बनेंगे। इस समय देश में सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा सीमा सुरक्षा बलों के पास है। हाल ही में केंद्र सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जहां-जहां सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) तैनात हैं, वहां पर स्मार्ट बार्डर का निर्माण करेंगे। एक चतुष्कोणीय सुरक्षा रणनीति के तहत, स्थानीय प्रशासन, तकनीक और जवानों के परिश्रम को साथ में लेते हुए सीमाओं को अभेद्य बनाने का लक्ष्य है।

स्मार्ट बार्डर का यह प्रारूप अपने अंतिम चरण में है और इसकी शुरुआती योजना भी सरकार जल्द ही सामने लेकर आने वाली है। सरकार की योजना है कि इस योजना की शुरुआत एक साथ देश की अलग-अलग सीमाओं पर सात या आठ स्थानों पर की जाए। इस शुरुआती परियोजना में में जो भी शुरूआती समस्याएं आएंगी, उन्हें दूर कर पूरी सीमा को स्मार्ट बार्डर बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे। इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार जिला दंडाधिकारी, पुलिस, जनप्रतिनिधियों की मदद लेगी।



**शाह** ने कहा कि इसके बेहतर परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगी और हमारे सीमावर्ती इलाके अधिक सुरक्षित भी बनेंगे। इस समय देश में सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा सीमा सुरक्षा बलों के पास है। हाल ही में केंद्र सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जहां-जहां सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) तैनात हैं, वहां पर स्मार्ट बार्डर का निर्माण करेंगे।

तकनीक

**देश** में पंजाब व सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन हमलों की घटनाओं सामने आई है। इन घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने 'एंटी ड्रोन' और 'स्मार्ट बार्डर ग्रिड' योजना पर काम शुरू किया है।

### भूख



कर्नाटक के सागनीपुरा गांव में मंगलवार को एक खेत में भोजन की तलाश करता हुआ मोर।

# जलवायु वित्तपोषण के घटते स्तर पर भारत ने जताई चिंता

जनसत्ता विशेष

जर्मनी में भारतीय दूतावास के द्वितीय सचिव ने जर्मनी के बान में संयुक्त राष्ट्र के मध्य-वर्षीय जलवायु सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर कहा कि भारत पुनर्भरण और सहयोग समेत जलवायु वित्तपोषण के घटते स्तर तथा बढ़ते अनुकूलन आर्थिक अंतर से चिंतित है। इन बैठकों को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संधि ढांचे (यूएनएफसीसीसी) के तहत सहायक निकायों का 64वां सत्र (एसबी64) कहा जाता है जहां नवंबर में तुर्किए के अंताल्या में होने वाले वार्षिक जलवायु सम्मेलन (सीओपी31) से पहले प्रमुख जलवायु एजंडों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उद्घाटन

द्वितीय सचिव हरकीरत सिंह रंधावा ने सोमवार को उद्घाटन सत्र में अपने बयान में कहा, 'भारत का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय जलवायु एजंडा को अब कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। समानता और ऐतिहासिक उत्तरदायित्व को इस चरण का मार्गदर्शन करते रहना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा सुलभता बढ़ाने और अपने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पर्याप्त कार्बन मार्जिन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इसीलिए विकसित देशों को उत्सर्जन में तेजी से कटौती करके नेतृत्व करना चाहिए, जिसमें आवश्यकतानुसार नकारात्मक उत्सर्जन भी शामिल है। रंधावा ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत जलवायु बहुपक्षवाद के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसके प्रभावी कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा, 'बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में, जलवायु संधियों के तहत अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करना हमारी सामूहिक प्राथमिकता होनी चाहिए।'

# डिमेंशिया के जोखिम वाले लोगों में विटामिन की कमी अधिक

जनसत्ता विशेष

तेलंगाना में 556 अधेड़ और बुजुर्ग लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) के अधिक जोखिम वाले लोगों में विटामिन डी, बी2, बी6 और बी9 की कमी इस बीमारी (डिमेंशिया) के कम जोखिम वाले लोगों से अधिक थी। यह अध्ययन 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये नतीजे दिखाते हैं कि शरीर में विटामिन का सही स्तर रखकर डिमेंशिया के खतरे को कम किया जा सकता है।

अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों में से 39 फीसद लोगों में डिमेंशिया का जोखिम पाया गया। यह दिमाग से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है जिसमें धीरे-धीरे सोचने-समझने, याद रखने और बोलने की शक्ति कम होने लगती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर)-राष्ट्रीय पोषण संस्थान और स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट सहित अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किए गए हृदय संबंधी जोखिम कारकों, वृद्धावस्था और डिमेंशिया जोखिम से जुड़े सीएआइडीई स्कोर की मदद से डिमेंशिया के जोखिम का अनुमान लगाया।

इस आकलन में आयु, बाडी मास इंडेक्स (बीएमआइ), शारीरिक गतिविधि, रक्तचाप और कुल कोलेस्ट्राल से संबंधित जानकारियों का उपयोग किया गया। टीम ने यह भी पाया कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में डिमेंशिया का जोखिम अधिक था।

अध्ययन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कम मोटापे, कम हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया (उच्च कोलेस्ट्राल) और अधिक शारीरिक गतिविधि के सुरक्षात्मक प्रभाव भी डिमेंशिया के इस जोखिम को कम नहीं कर सके।

अध्ययन में शामिल लोगों में विटामिन बी2 की कमी सबसे ज्यादा (64 फीसद) देखी गई। इसके बाद करीब 47 फीसद लोगों में विटामिन बी12, 42 फीसद में विटामिन डी और 34 फीसद लोगों में विटामिन बी6 की कमी पाई गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों को डिमेंशिया का खतरा ज्यादा था, उनके शरीर में कम खतरे वाले लोगों के मुकाबले विटामिन डी, बी1, बी9 और बी12 की बहुत ज्यादा कमी थी। उन्होंने कहा कि ये निष्कर्ष इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि किसी व्यक्ति के शरीर में विटामिन का स्तर डिमेंशिया के जोखिम को कम करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण और बदलाव योग्य कारक हो सकता है।

विश्लेषण से यह भी पता चला कि अन्य कारकों को ध्यान में रखने के बाद भी विटामिन डी की कमी का डिमेंशिया के जोखिम से गहरा संबंध बना रहा। हालांकि, शोधकर्ताओं ने साफ किया कि यह अध्ययन एक निश्चित समय पर जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। इसलिए, इससे सिर्फ विटामिन की कमी और डिमेंशिया के बीच का संबंध पता चलता है, यह साबित नहीं होता कि विटामिन की कमी ही इस बीमारी की मुख्य वजह है।

शोध

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर)-राष्ट्रीय पोषण संस्थान और स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट सहित अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किए गए हृदय संबंधी जोखिम कारकों, वृद्धावस्था और डिमेंशिया जोखिम से जुड़े सीएआइडीई स्कोर की मदद से डिमेंशिया के जोखिम का अनुमान लगाया।



## प्रेरणा

अच्छा स्वभाव ही असली शान है, यह दूसरों के दिलों को भी जीतता है। -जॉन मिल्टन

## संपादकीय

# देश में आय के अनुपात में बहुत महंगा है पेट्रोल

देश की प्रति-व्यक्ति आय 7.70 डॉलर प्रति दिन है, जबकि यूएस, यूके, जर्मनी, फ्रांस, जापान, चीन, रूस और ब्राजील की इससे क्रमशः 33.6, 21.7, 23.2, 18.8, 12.7, 5.3, 6.6 और 4.4 गुना ज्यादा है। जहां यूएस में एक व्यक्ति को हर माह 40 लीटर पेट्रोल खरीदने के लिए अपनी आय का 0.6% देना होता है, वहीं यूरोप के देशों को औसतन 1.1 से 1.8% तक, जबकि रूस, चीन और ब्राजील में क्रमशः 2.3, 4.0 और 5.0%। भारत में उतना ही पेट्रोल खरीदने के लिए एक व्यक्ति को अपनी आय का 17.6% देना पड़ता है। एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पेट्रोल वेबसाइट के आंकड़े बताते हैं कि विगत 25 मई तक भारत में पेट्रोल 1.13 लीटर प्रति डॉलर था। इस पैमाने पर पड़ोसी भूटान और श्रीलंका में भी पेट्रोल सस्ता है। वहीं इसके उलट बेहद गरीब अफ्रीकी देशों में एक दिन की आय से एक लीटर पेट्रोल भी खरीदना मुश्किल है। जबकि उत्तरी अफ्रीका के ही लीबिया में एक व्यक्ति रोज की आय से 789 लीटर पेट्रोल खरीद सकता है। लगभग यही स्थिति अन्य पेट्रोल उत्पादक अरब देशों की भी है। रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के 158 देशों में पेट्रोल और डीजल अफोर्डेबिलिटी के पैमाने पर क्रमशः 121वें और 118वें स्थान पर है। भारत में पेट्रोल की मूल कीमत का लगभग आधा केंद्र और राज्य के टैक्स के रूप होने से कीमतें बढ़ जाती हैं (हालांकि यह जीएसटी से बाहर है)। यूएस में मात्र 15-20% टैक्स है, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में भी यह 25-40% ही है।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# क्षमा की दाल और धैर्य की रोटी हाजमा नहीं बिगाड़ती है

हमारे देश में भोजन के लिए दो प्रतिनिधि शब्द हैं- दाल-रोटी। इसमें समूचा भोजन समा जाता है। कहते हैं पाचन के लिए सबसे सुविधाजनक भोजन यही है। बाकी डिश तो फिर इनका विस्तार हैं। पाचन-शक्ति अच्छी होनी भी चाहिए। अब हम एक भोजन और करने लगे हैं आजकल, और वह है क्रोध। कम लोग जानते हैं कि क्रोध का असर मन ही नहीं, पाचन स्तर पर भी होता है। क्रोध से न्यूरो-हार्मोनल सिस्टम तो आहत होता ही है, पेट भी खराब हो सकता है। जब कभी क्रोध आए तो विचार करना इसके पीछे अनुशासन है या अहंकार। क्रोध को लेकर अपनी इमेज-मेकिंग न करें। कभी-कभी क्रोध करने वाले को लगता है मेरी ऊंचाई अधिक होगी, लोग मुझे पहचानेंगे, मैं अलग चरित्र बन जाऊंगा। ऐसा न किया जाए। क्रोध पूरे जीवन को आहत करता है और जीवन से बड़ा कुछ होता नहीं है। क्रोध गिराना हो तो डाइजेशन सिस्टम अच्छा रखें। भोजन के रूप में क्षमा दाल है और धैर्य रोटी है। यह दाल-रोटी खाते रहें तो क्रोध हाजमा नहीं बिगाड़ेगा। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### प्रेम का अनायास



प्रेम वो नहीं जो घड़ी की सुइयों का मोहताज हो,
जो हर रोज खिड़की पर टिककर डाकिये का इंतजार करे।
प्रेम तो वो है, जो बारिश की पहली बूंद की तरह गिरे,
बिना बताए, बिना पूछे।

जैसे किचन में पकती रोटी की महक
अचानक भूख का एहसास जगा दे,
या जैसे एक पुरानी किताब के पन्नों में
मिला कोई भूला खत, जो दिल को बेखबर मुस्कान दे जाए।

इंतजार में बंधा प्रेम
आम के पेड़ पर पतझड़-सा ठहर जाता है,
पर जो अनायास आए,
वो आम्र मंजरी की मीठी खुशबू बनकर
हर सांस में उतर जाता है।

जैसे चौक पर लगने वाला मेला,
जहां हर मोड़ पर नया रहस्य हो,
या जैसे रात की ठंडी चादर में
किसी दूर की ट्रेन की सीटी,
जो अचानक भीतर का सन्नाटा तोड़ दे।
-आतिश कुमार, लखनऊ
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

**भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित**

## पाठकों के पत्र

### मजदूरों की मौतें रुकें

सूरत में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान दम घुटने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। संसद में पेश आंकड़ों के अनुसार पिछले 5 वर्षों में 400 से अधिक ऐसी मौतें हुई हैं। इस दिशा में बचाव के उपाय करने चाहिए, अन्यथा ये हादसे होते रहेंगे।
-हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, मध्यप्रदेश

### संवाद का अभाव एक संकट

